fssai

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA

Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2015-2016

भारतीय खाद्य संरक्षा एंव मानक प्राधिकरण

Food Safety and Standards Authority of India

Safe & Nutritious Food (SNF) - A Shared Responsibility

Build a healthy nation, a happy nation

A Bouquet of Initiatives for Citizens Guidance and Behaviourial Change

to prevent food borne infections and diseases
and for complete nutrition for citizens
everywhere at all times.

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA

Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

वार्षिक रिपोर्ट 2015-2016

Annual Report 2015-2016

भारतीय खाद्य संरक्षा एंव मानक प्राधिकरण

Food Safety and Standards Authority of India

विषय-सूची

क्रम सं0	विवरण	पष्ठ सं0
1	झलक	01
2	खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की मुख्य विशेषताएँ	04
3	खाद्य संरक्षा एवं मानक नियम एवं अधिनियम, 2011	08
4	भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण	09
5	केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी)	15
6	वैज्ञानिक समिति	16
7	वैज्ञानिक पैनल	17
8	मानक एवं विनियम	23
9	खाद्य आयात	27
10	प्रवर्तन--राज्यों में खाद्य संरक्षा का विनियमन	29
11	निगरानी गतिविधियाँ	37
12	गुणवत्ता आश्वासन (प्रयोगशालाएँ, नमूना-चयन एवं विश्लेशण)	38
13	कोडेक्स गतिविधियाँ	40
14	सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण (आईईसी)	42
15	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	45
16	प्रशिक्षण एवं क्षमता-निर्माण	47
17	सूचना प्रौद्योगिकी	49
18	आरटीआई	50
19	राजभाषा	51
20	वित्तीय विवरणियाँ	52

अध्याय-I

झलक

1.1 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना मानव उपभोग के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य सामग्रियों के विज्ञान-आधारित मानक निर्धारित करने और उनके निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं आयात को विनियमित करने के लिए की गई है। खाद्य संरक्षा एवं मानक (एफएसएस) अधिनियम, 2006 का प्रवर्तन खाद्य संरक्षा एवं मानक नियम, 2011 और छह विनियमों की अधिसूचना के बाद दिनांक 5 अगस्त 2011 से लागू हुआ। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 2015-16 के दौरान सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता के निमित्त को बढ़ावा देने का कार्य जारी रखा है।

1.2 वर्ष 2015-16 में उच्च स्तर पर कुछ परिवर्तन हुए। श्री आशीष बहुगुणा ने दिनांक 29.07.2015 से एफएसएसएआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व दिनांक 24.01.2015 से 28.07.2015 तक अध्यक्ष के पद का अतिरिक्त कार्यभार श्री बी. पी. शर्मा, तत्कालीन सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास था। श्री वाई. एस. मलिक ने दिनांक 23.09.2015 से मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया और उनकी जगह श्री पवन अग्रवाल ने दिनांक 23.12.2015 से एफएसएसएआई के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अंतराल के दौरान श्री आशीष बहुगुणा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार संभाला।

1.3 रिपोर्टगत वर्ष के दौरान खाद्य प्राधिकरण ने 4 बैठकें आयोजित कीं और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। खाद्य प्राधिकरण को सिफारिश करने के लिए केंद्रीय सलाहाकार समिति की तीन बैठकें आयोजित की गई। वैज्ञानिक पैनलों की सिफारिशों पर विचार करने के लिए वैज्ञानिक समिति की चार बैठकें आयोजित की गई। प्राधिकरण ने वर्तमान में नौ वैज्ञानिक पैनलों के अतिरिक्त सात नए वैज्ञानिक पैनलों का गठन किया है, जिससे वैज्ञानिक पैनलों की कुल सं0 16 हो गई है। वर्ष के दौरान विभिन्न वैज्ञानिक पैनलों ने 51 बैठकों का आयोजन किया गया है।

1.4 वर्ष के दौरान विभिन्न खाद्य सामग्रियों और संयोजी पदार्थों के बारे में मानक निर्धारित करने के संबंध में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। 11 मामलों में अंतिमित अधिसूचनाएँ जारी की गईं जबकि कई अन्य विभिन्न चरणों में थीं।

1.5 सशक्त प्रयोगशाला तंत्र के बिना खाद्य संरक्षा सुनिश्चित नहीं कराई जा सकती है। वर्ष के दौरान खाद्य उत्पादों के परीक्षण और विश्लेषण के लिए एफएसएसएआई ने एनएबीएल द्वारा मान्यता-प्रदत्त 16 नई प्रयोगशालाओं को अधिसूचित किया, जिससे अधिसूचित प्रयोगशालाओं की संख्या 98 हो गई। 2 अन्य संप्रेषण प्रयोगशालाएँ भी अधिसूचित की गईं, जिससे उनकी कुल सं0 14 हो गई है। प्राधिकरण ने विभिन्न खाद्य उत्पादों के विश्लेष्ण के लिए परीक्षण पद्धतियों के 20 वर्ष पुराने डीजीएचएस नियमावली की पुनरीक्षा करने का कार्य हाथ में लिया है। पुनरीक्षा के पहले चरण के दौरान खाद्य विश्लेष्ण पद्धतियों के 9 नए मैनुअलों का अनुमोदन किया गया है।

1.6 वर्ष के दौरान विभिन्न खाद्य व्यवसायियों को 5607 केंद्रीय और 1,56,551 राज्य लाइसेंस जारी किए गए। इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान राज्य प्राधिकरणों द्वारा 3,86,518 पंजीकरण किए गए। वर्ष के दौरान 9 अन्य राज्यों ने ऑनलाइन लाइसेंसिंग और पंजीकरण (एफएलआरएस) का कार्य आरंभ कर दिया और एफएलआरएस में लाने हेतु केवल 3 राज्य शेष है। हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर भी एफएलआरएस चालू की गई। जून 2016 में कोंकण रेलवे ने भी ऑनलाइन कार्य करना आरंभ कर दिया। रेलवे में भी संयुक्त खाद्य एवं सुरक्षा आयुक्त की नियुक्ति की गई। वर्ष 2015-16 के अंत की स्थिति के अनुसार 24 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में अपीलीय ट्रिब्यूनलों और 29 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में संचालन समितियों की स्थापना की गई।

1.7 एफएसएसएआई ने वर्ष 2015-16 के दौरान बंदरगाहों में पड़े खाद्य उत्पादों के परीक्षण और विश्लेष्ण के लिए 10.34 मिलियन किलोग्राम आयातित खाद्य उत्पादों के 71,368 नमूने लिए। 21,772.54 किग्रा खाद्य के 1062 नमूनों (कुल नमूनों का 1.3%) के लिए अपालन

प्रमाण-पत्र/निरस्तीकरण पत्र जारी किए गए, क्योंकि ये नमूने एफएसएस अधिनियम 2006 और उसके अंतर्गत बने नियमों एवं विनियमों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर रहे थे।

1.8 क्षेत्र स्तर पर खाद्य संरक्षा क्षमता-निर्माण द्वारा ही सुनिश्चित की जा सकती है। इसलिए एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोशालाओं के खाद्य विश्लेरष्कों और अन्य कार्मिकों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इसी प्रकार खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और उसके अंतर्गत बने नियमों एवं विनियमों से अवगत कराने के लिए अभिनामित अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरे चरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य कर रहे तकनीकी अधिकारियों को भी तकनीकी एवं विधिक मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया गया।

1.9 हितधारकों को शामिल करते हुए स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के प्रशिक्षण एवं क्षमता-निर्माण और उन पर एफएसएस अधिनियम, 2006 के तहत विनियमों के अनुपालन संबंधी उपयुक्त निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड - दिल्ली परियोजना' आरंभ की गई। इस प्रोजेक्ट के तहत 23,000 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

1.10 बढ़ते भूमंडलीकरण को देखते हुए अधिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और बढ़िया खाना मिले । एफएसएसएआई ने 2015-16 के दौरान आयोजित कोडेक्स समिति की 17 बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया। भारत ने रोम, इटली में 30 नवंबर से 2 दिसंबर 2015 तक हुई कोडेक्स एलीमेंटेरियस एग्जीक्यूटिव कमेटी की कार्यशाला में भी भाग लिया। भारत ने 8 इलेक्ट्रॉनिक कार्यकारी दलों की अध्यक्षता भी की; एक ईडब्ल्यूजी (जीपीएफएच और इसके एचएसीसीपी अनुबंध का पुनरीक्षण) की सह-अध्यक्षता की। भारत ने 49 इलेक्ट्रॉनिक कार्यकारी दलों (ईडब्ल्यूजी) में हिस्सा लिया और उनमें अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए। समिति की बैठकों के दौरान भारत की लिखित टिप्पणियाँ और दखलें कोडेक्स सचिववालय को प्रस्तुत की गईं। सीएसी के 38वें सत्र (2015) में भारत को एशिया के लिए एफएओ/डब्ल्यूएचओ समन्वय समिति (सीसीएशिया) का 2015 से दो वर्षों के लिए समन्वयक नियुक्त किया गया। भारत ने कोडेक्स समितियों में तीन नए कार्यों के प्रस्ताव किए। भारत ने कोंग सार (चीन) में 23-26 नवंबर, 2015 के दौरान एशिया में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य संरक्षा प्राधिकरण नेटवर्क सशक्तीकरण बैठक (इन्फोसान) और राष्ट्रीय खाद्य संरक्षा तंत्रों की बैठकों में भी भाग लिया।

1.11 एफएसएसएआई द्वारा खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए फेडरल ऑफिस ऑफ कंज्यूमर प्रोटेक्शन एंड फूड सेफ्टी (बीवीएल) और फेडरल इंस्टीच्यूट फॉर रिस्क एसेसमेंट (बीएफआर), जर्मनी के साथ दिनांक 05 अक्टूबर 2015 को आशय के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए गए। एन्सेस (खाद्य, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं संरक्षा संबंधी फ्रांसीसी एजेंसी), फ्रांस और एफएसएसएआई द्वारा खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए दिनांक 25 जनवरी, 2016 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एफएसएसएआई बैठकों के आयोजन/उनमें भागीदारी, सहयोग के संभावी क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न देशों के साथ सेमिनार आयोजित करके और उत्तम रीतियों को समझ कर एवं लागू करके विभिन्न देशों/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएँ लगातार खोजती रहती है।

1.12 प्राधिकरण ने राज्य सरकारों की सहायता से जागरूकता अभियान आरंभ किए हैं और उपभोक्ता मामले विभाग के साथ ''जागो ग्राहक जागो'' अभियान के तहत कार्य करना शुरू किया है। दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (डीडीयू एसआईआरडी), उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की तरफ से उत्तर प्रदेश के 08 जिलों में जन संपर्क प्रेरणा कार्यक्रम (एमसीएपी) संचालित किया गया। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), भारत के लिए डब्ल्यूएचओ कंट्री ऑफिस, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस 2015 के लिए मुख्य कार्यक्रम के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रीय परामर्श आयोजित किया। एफएसएसएआई ने लेडी इरविन कालेज, नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2015 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। गृह विज्ञान महाविद्यालय परिसर, कैम्पाल, पणजी, गोआ में स्ट्रीट फूड

विक्रेताओं के लिए दिनांक 23-24 जून, 2015 को दो-दिवसीय खाद्य संरक्षा संवेदनीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। खाद्य संरक्षा और जनता में इसके प्रति जागरूकता पैदा करने के संबंध में सृजनात्मक विचार लाने के लिए एफएसएसएआई द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2016 को खाद्य संरक्षा की सामाजिक विपणन और स्वास्थ्यकर आहार को बढ़ावा देने के लिए एक विचार-मंथन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के 65 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी रूटों की मेट्रो ट्रेनों में शिक्षात्मक/जागरूकता पैनल लगाकर मार्च-अप्रैल 2016 में एक जागरूकता अभियान चलाया गया।

1.13 एफएसएसएआई ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में दिनांक 14 से 27 नवंबर, 2015 तक आयोजित 35वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया, जिसमें इसने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के ''स्वास्थ्य मंडप'' में एक स्टाल लगाई। एफएसएसएआई ने 31वें आहार मेले में भी भाग लिया, जिसमें इसने एफएसएसएआई की गतिविधियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक स्टाल लगाई।

1.14 ''भारत में स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्यकर, पोषक, सुरक्षित और स्वच्छ आहार उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश'' शीर्षक से मसौदा दिशा-निर्देश भी जारी किए गए और संबंधित प्राधिकरणों को क्रियान्वयन के लिए भेजे गए।

1.15 'डिजिटल इंडिया' भावना के मद्देनजर भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों के लिए एक व्यापक आईटी तंत्र स्थापित करने के लिए एक आंतरिक आईटी अनुभाग बनाया गया है। नए समेकित तंत्र में मौजूदा आयात और लाइसेंसिंग तथा रजिस्ट्रेशन प्रणाली और खाद्य मानक निर्धारण, ईकोसिस्टम, निगरानी, प्रवर्तन, उत्पाद अनुमोदन, गुणवत्ता आश्वासन आदि गतिविधियाँ शामिल होंगी।

1.16 ग्राहकों को अपनी बात कहने में सक्षम बनाने के लिए एक मोबाइल एप का विकास किया गया है, जिसके द्वारा जनता एफएसएस अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लाइसेंसशुदा/पंजीकृत किसी भी खाद्य व्यवसायी के पंजीकरण और लाइसेंस के विवरण की जानकारी ले सकती है। इस मोबाइल एप द्वारा उपभोक्ता खाद्य एवं खाद्य उत्पादों के संबंध में अपने विचार भी प्रकट कर सकते हैं।

1.17 व्यवसाय सुकरता को बढ़ाने और आयातों को तेजी से पास करने के लिए छठे स्थान अर्थात् तूतीकोरेन पर भी एफआईसीएस लागू की गई। इसके अतिरिक्त सभी गैर-एकल खिड़की स्थानों पर दिनांक 02.02.2016 से आगमन-पूर्व कागजात समीक्षा (पीएडीएस) योजना लागू की गई। इस सिस्टम के माध्यम से आयातक अपने सामान के बंदरगाह पहुँचने से पहले ही उसके कागजात की समीक्षा करा सकते हैं। इससे कागजात की समीक्षा में लगने वाले 3-4 दिनों का समय बच जाएगा। सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ खाद्य आयात प्राथमिकीकरण योजना और व्यापार सुकरता के लिए सीमा शुल्क एकल खिड़की इंटरफेस शुरू करने पर भी सक्रिय रूप से चर्चा की गई।

1.18 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों के सक्रिय सहयोग से देश में एफएसएस अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सतत प्रयास कर रही है।

अध्याय-2

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की मुख्य विशेषताएँ

2.1 खाद्य पदार्थों संबंधी नियमों के समेकन का कार्य एक ही विधान के अंतर्गत लाने का कार्य कुछ समय, विशेषकर केंद्रीय सरकार द्वारा तत्कालीन माननीय वित्त मंत्री की वर्ष 2002 की बजट स्पीच में अपनी मंशा जाहिर कर देने के बाद, से चल रहा था। खाद्य सामग्रियों को विनियमित करने वाले विभिन्न अधिनियमों/आदेशों के समेकन का कार्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय को सौंपा गया था, जिसने खाद्य संरक्षा एवं मानक विधेयक, 2005 का प्रारूप तैयार किया। इसी प्रारूप को संसद द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के रूप में अधिनियमित किया गया जो दिनांक 23 अगस्त 2006 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 24 अगस्त 2006 को भारत के राजपत्र (असाधारण), भाग II, खंड I में प्रकाशित हुआ। यह अधिनियम विभिन्न हितधारकों से विशद परामर्शों और अंतर-मंत्रालयी समूहों एवं स्थायी संसदीय समिति की अनेक बैठकों में चर्चाओं तथा मंत्रियों के समूह की सहमति के बाद तैयार किया गया। अंत में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को एफएसएस अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन के लिए प्रशासकीय मंत्रालय अधिनामित किया गया।

2.2 इस अधिनियम के पारित होने से सितंबर, 2008 में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना हुई। इससे बहु-स्तरीय नियंत्रण से एकल-स्तरीय नियंत्रण का सूत्रपात हुआ और पूर्णत: कानूनी तंत्र की बजाय स्वयं द्वारा अनुपालन पर बल दिया गया। इस अधिनियम से केंद्र और राज्यों में लाइसेंसिंग/पंजीकरण की एक जैसी प्रणाली लागू हुई। विज्ञान-आधारित खाद्य मानक तैयार करना और, जहाँ संभव हो, उन्हें कोडेक्स मानकों के समनुरूप बनाना एफएसएसएआई की मुख्य जिम्मेदारियों में से एक जिम्मेदारी है। मानकों के निर्धारण का कार्य एफएसएसएआई के अनेक वैज्ञानिक पैनलों और वैज्ञानिक समितियों के माध्यम से और उन पर प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद होता है।

2.3 मानव उपभोग के लिए सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने का प्रावधान है। इस अधिनियम के प्रारंभ के समय किसी खाद्य व्यवसायी के पास निरस्त किए जा चुके किसी खाद्य विधि/आदेश के तहत कोई लाइसेंस/पंजीकरण होने पर उसे अपेक्षित पंजीकरण/लाइसेंस शुल्क देकर अपने लाइसेंस/पंजीकरण को खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण अथवा लाइसेंस में बदलवाना होगा।

2.4 एफएसएस अधिनियम, 2006 को कुल 12 भागों में बांटा गया है।

2.4.1 भाग-I : प्रारंभिक

इस खंड में संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रवर्तन, संघ द्वारा नियंत्रण के औचित्य के संबंध में घोषणा, और परिभाषाएँ दी गई हैं।

2.4.2 भाग-II : भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

इस भाग में धारा 4 से 17 हैं, जिनमें भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना, अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति और बरखास्तगी, उनके कार्यकाल संबंधी निबंधन एवं शर्तें, खाद्य प्राधिकरण के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यों, केंद्रीय सलाहकार समिति की स्थापना और इसके कार्यों, वैज्ञानिक पैनल और वैज्ञानिक समिति बनाने और उनके लिए पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं संबंधी प्रावधान हैं। इस भाग में खाद्य पदार्थों के निर्माण, संसाधन, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने के लिए आगे खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्य और शक्तियाँ दी गई हैं। इसमें खाद्य प्राधिकरण की बैठकें संचालित करने, बैठकों में काम के निपटान और सदस्यों द्वारा मतदान की प्रक्रिया का भी प्रावधान है।

2.4.3 भाग-III खाद्य संरक्षा के सामान्य सिद्धांत

केवल धारा 18 वाले इस अध्याय में खाद्य संरक्षा के सामान्य सिद्धांतों से संबंधित उपबंध, अधिनियम के अंतर्गत विनियम बनाने या मानक निर्धारित करते समय ध्यान में रखे जाने वाले घटक तथा केंद्र सरकार, खाद्य प्राधिकरण, राज्य सरकार तथा अन्य एजेंसियों द्वारा अधिनियम के उपबंधों के प्रवर्तन या कार्यान्वयन के समय पालन के सिद्धांत शामिल किए गए हैं। उपर्युक्त प्राधिकरणों को जोखिम विश्लेषण, जोखिम आकलन, जोखिम प्रबंधन, जोखिम संप्रेषण, जनता से पारदर्शी परामर्श, उपभोक्ता हितों के संरक्षण इत्यादि से मार्गदर्शन मिलेगा। इससे खाद्य प्राधिकरण को अपेक्षाओं के अनुसार समय-समय पर अन्य सामान्य सिद्धांत अधिसूचित करने की शक्ति मिलती है।

अग्रिम, इसमें यह निर्धारित है कि इस अधिनियम के उपबंध किसी कृषक या मछुआरे या कृषि कार्यों या फसलों या पशुधन या मत्स्य-पालन और कृषि कार्यों में प्रयुक्त अथवा उत्पादित या खेत में किसी कृषक द्वारा उत्पादित फसल-उत्पाद या किसी मछुआरे द्वारा अपने कार्यों से उत्पादित उत्पाद पर लागू नहीं होंगे।

2.4.4 अध्याय–IV खाद्य सामग्रियों के संबंध में सामान्य सिद्धांत

इस अध्याय में धारा 19 से 24 हैं। इसमें निर्धारित है कि किसी खाद्य सामग्री में संदूशक, प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले आविषालु पदार्थ अथवा जैव विश अथवा हार्मोन अथवा भारी धातुएँ, कीटनाशक, फसल कीटनाशक, पशुओं की दवाइयों के अवशिष्ट, प्रतिजैविक अवशिष्ट, विलायक अवशिष्ट, भेषजीय रूप से सक्रिय पदार्थ और सूक्ष्म-जीव विनियमों में निर्दिष्ट मात्रा से अधिक नहीं होंगे। धारा 19 द्वारा मानकों/विनियमों में निर्दिष्ट सामग्रियों के अलावा खाद्य संयोजी पदार्थों अथवा खाद्य प्रसंस्करण सहायक सामग्रियाँ के प्रयोग की अनुमति नहीं है। धारा 22 द्वारा खाद्य की उन विभिन्न श्रेणियों पर प्रतिबंध है, जो विनियमों द्वारा निर्धारित स्तरों के अनुरूप नहीं हैं।

धारा 23 खाद्य पदार्थों को पैक करने और उन पर लेबल लगाने की अपेक्षाओं के संबंध में है। धारा 24 द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध है और अनुचित व्यापारिक रीतियाँ वर्जित हैं। इसमें यह भी उपबंध है कि पैकेजबंद खाद्य उत्पाद की मार्किंग और लेबलिंग यथानिर्धारित रीति से की जाएगी। इसके द्वारा आम जनता को मानकों, गुणवत्ता, मात्रा, उपयोगिता के बारे में भ्रमित करने के लिए छलपूर्ण रीतियों अथवा पर्याप्त अथवा वैज्ञानिक औचित्य के बिना उत्पाद की प्रभावकता की गारंटी देने पर प्रतिबंध है।

2.4.5 अध्याय-V आयात के संबंध में उपबंध

इस अध्याय में केवल धारा 25 है। इस धारा द्वारा अधिदेश है कि खाद्य पदार्थों के आयात अधिनियम के उपबंधों के अधीन हैं। इसमें उपबंध है कि कोई व्यक्ति अधिनियम या उसके अंतर्गत बने नियमों और विनियमों के उल्लंघन में कोई खाद्य सामग्री भारत में आयात नहीं करेगा। इसमें यह भी उपबंध है कि केंद्र सरकार विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 के अधीन किसी खाद्य पदार्थ का आयात निषिद्ध करने, प्रतिबंधित करने अथवा उसका अन्यथा विनियमन करने के समय खाद्य प्राधिकरण द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित मानकों का अनुसरण करेगी।

2.4.6 अध्याय-VI खाद्य संरक्षा के संबंध में विशेष दायित्व

इस अध्याय में धारा 26 से 28 हैं। इसमें खाद्य व्यवसायी के लिए यह सुनिश्चित करने के दायित्व का उपबंध है कि खाद्य सामिग्रयाँ उसके नियंत्रणाधीन व्यवसाय में उत्पादन, प्रसंस्करण, आयात, वितरण तथा बिक्री के सभी चरणों पर अधिनियम और उसके अंतर्गत बने नियमों एवं विनियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप होंगी। धारा 27 खाद्य सामग्रियों के अधिनियम और उसके अंतर्गत बने नियमों और विनियमों के अनुरूप न होने पर उनके निर्माताओं, वितरकों एवं विक्रेताओं के दायित्वों का उल्लेख है। धारा 28 में खाद्य सामग्रियों के अधिनियम और उसके अधीन बने विनियमों के उपबंधों के अनुरूप न होने पर उन्हें वापस मंगाने और खाद्य व्यवसायी के दायित्वों का उल्लेख है।

2.4.7 अध्याय-VII अधिनियम का प्रवर्तन

इस अध्याय में धारा 29 से 42 तक हैं। इनमें खाद्य प्राधिकरण तथा राज्य खाद्य प्राधिकरणों के दायित्वों सहित प्रवर्तन संबंधी उपबंध हैं। इनमें राज्य के खाद्य संरक्षा आयुक्त की नियुक्ति, खाद्य व्यवसाय के लिए लाइसेंस देने और उसके पंजीकरण, सुधार की सूचनाओं, निषेध आदेशों, आपात निषेध सूचनाओं और आदेशों, खाद्य में विषाक्तता की अधिसूचना, अभिनामित अधिकारी, खाद्य संरक्षा अधिकारी की नियुक्ति, उनकी शक्तियों, दायित्वों, तलाशी, जब्ती, अभियोजन की शक्तियों और उनकी प्रक्रिया और क्रेता द्वारा किसी खाद्य का विश्लेषण कराने का उपबंध है।

2.4.8 अध्याय-VIII खाद्य विश्लेशण

इस अध्याय में शामिल धारा 43 से 47 तक में प्रयोगशालाओं, अनुसंधान संस्थाओं और रेफरल खाद्य प्रयोगशालाओं, खाद्य विश्लेषक, खाद्य विश्लेषक के कार्यों तथा खाद्य के नमूने लेने तथा विश्लेषण से संबंधित उपबंध हैं।

2.4.9 अध्याय-IX : अपराध और दंड

इस अध्याय में धारा 48 से 67 हैं। इसमें मांगी गई प्रकृति अथवा तत्व अथवा गुणता के खाद्य, घटिया खाद्य, गलत ब्रांड के खाद्य बेचने, भ्रामक विज्ञापन देने बाहरी सामग्री वाले खाद्य, अस्वच्छ अथवा गंदे प्रसंस्करण और मिलावट वाले खाद्य बेचेने संबंधी अपराधों और उनके लिए दंड का उपबंध है। इस अध्याय में असुरक्षित खाद्य, जब्त वस्तुओं से छेड़खानी करने, गलत सूचना देने, खाद्य संरक्षा अधिकारी के कार्य में बाधा उत्पन्न करने या उसका छद्म रूप धारण करने, लाइसेंस के बिना व्यवसाय करने के लिए दंड और किसी उपभोक्ता के घायल होने अथवा उसकी मृत्यु होने की स्थिति में मुआवजा देने का उपबंध है।

2.4.10 अध्याय-X निर्णयन और खाद्य संरक्षा अपीलीय ट्रिब्यूनल

धारा 68 से 80 तक वाले इस अध्याय में राज्य सरकारों को जिले में निर्णय अधिकारी अधिसूचित करने का प्राधिकार है। इसमें अपराधों को एक साथ मिलाने, अभिनामित अधिकारियों की शक्तियाँ, खाद्य संरक्षा अपीलीय ट्रिब्यूनल की स्थापना तथा उसकी प्रक्रियाओं और शक्तियों की परिभाषाएँ दी गई हैं। यह अध्याय ऐसे मामलों में न्यायालयों के अधिकार-क्षेत्र को वर्जित करता है, जिनमें अधिनियम द्वारा निर्णय अधिकारी अथवा ट्रिब्यूनल को शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। अधिनियम में उपबंध है कि न्यायालय मामलों पर सरसरी तौर पर विचार कर सकते हैं। अधिनियम में खाद्य संबंधी अपराधों के लिए विशेश न्यायालय स्थापित करने और लोक अभियोजक नियुक्त करने का उपबंध भी है।

2.4.11 अध्याय-XI वित्त, लेखे, लेखा-परीक्षा और रिपोर्टें

इस अध्याय में धारा 81 से 84 तक हैं, जिनमें खाद्य प्राधिकरण से उसकी अनुमानित प्राप्तियों तथा व्यय को दर्शाने वाला वार्षिक बजट तैयार करने की अपेक्षा की गई है। केंद्र सरकार उतनी राशि का अनुदान देगी, जो उसे उचित प्रतीत हो। इसमें प्रावधान है कि खाद्य प्राधिकरण उपयुक्त लेखे-जोखे तथा लेखों की वार्षिक विवरणी रखेगी। खाद्य प्राधिकरण से वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने की अपेक्षा की गई है, जिसे संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाएगा।

2.4.12 अध्याय-XII : विविध

इस अध्याय में धारा 85 से 101 तक हैं। इसमें केंद्र सरकार को खाद्य प्राधिकरण तथा राज्य सरकारों को निर्देश देने तथा उनसे रिपोर्टें तथा विवरणियाँ प्राप्त करने की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं। इस अध्याय द्वारा इस अधिनियम को खाद्य संबंधी अन्य सभी विधियों से ऊपर रखा

गया है। इसमें केंद्र सरकार को नियम बनाने और खाद्य प्राधिकरण को विनियम बनाने की शक्ति प्रदान की गई है। इस अध्याय में राज्य सरकारों को नियम बनाने की शक्ति और पारितोषिक देने व दंड की राशि वसूलने की प्रक्रिया दी गई है।

अनुसूचियाँ

इस अधिनियम के अंत में दो अनुसूचियाँ दी गई हैं। पहली अनुसूची में उन पाँच अंचलों का विवरण है, जिनमें सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को बांटा गया है। दूसरी अनुसूची में अधिनियम तथा वे विभिन्न आदेश दिए गए हैं, जो इस अधिनियम के प्रवर्तन से निरस्त हो गए हैं।

अध्याय-3

खाद्य संरक्षा एवं मानक नियम और विनियम, 2011

3.1 केंद्र सरकार ने खाद्य संरक्षा एवं मानक नियम, 2011 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से अधिसूचित किए, जो 5 अगस्त 2011 से लागू हुए।

3.2 खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत एफएसएसएआई ने 1 अगस्त, 2011 को भारत के राजपत्र में निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए, जो दिनांक 5 अगस्त, 2011 से लागू हुए:

(i) खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसायों को लाइसेंस प्रदायगी और पंजीकरण) विनियम, 2011

(ii) खाद्य संरक्षा एवं मानक (पैकेंजिग एवं लेबलिंग) विनियम, 2011

(iii) खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य संयोजी पदार्थ) विनियम, 2011

(iv) खाद्य संरक्षा एवं मानक (विक्रय निषेध और प्रतिबंध) विनियम, 2011

(v) खाद्य संरक्षा एवं मानक (संदूषक, जैव विष और अवशिष्ट) विनियम, 2011

(vi) खाद्य संरक्षा एवं मानक (प्रयोगशाला और प्रतिचयन विश्लेशण) विनियम, 2011

3.3 इसी के साथ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में उल्लिखित विधान और आदेश दिनांक 5.8.2011 से निरस्त हो गए।

3.4 खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम दिनांक 05.08.2011 से परिचालनीय हुआ। इसी के साथ खाद्य को विनियमित करने वाला ढाँचा 'खाद्य अपमिश्रण के सीमित निवारण' से 'सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर' खाद्य में बदल गया।

3.5 मौजूदा खाद्य मानकों की पुनरीक्षा तथा कोडेक्स एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय उत्तम रीतियों से उनके सुमेलन का कार्य प्रारंभ किया गया और जोखिम आकलन इकाइयों के रूप में वैज्ञानिक पैनलों तथा वैज्ञानिक समितियों के गठन के साथ वैज्ञानिक ढाँचा भी तैयार हो गया।

अध्याय -4

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

4.1 खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 4 के उपबंधों के अनुसार भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना 2008 में की गई थी। यह खाद्य संरक्षा एवं खाद्य मानकों से संबंधित सभी मामलों के लिए विनियामक संस्था है और इसकी स्थापना से बहु:स्तरीय, बहु:विभागीय नियंत्रण के स्थान पर एकल नियंत्रण का युग आरंभ हो गया।

4.2 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का प्रशासकीय मंत्रालय है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। प्राधिकरण का मुख्यालय नई दिल्ली-110002 में कोटला रोड स्थित एफडीए भवन में है।

4.3 एफएसएस अधिनियम की धारा 5 के अनुसार खाद्य प्राधिकरण के एक अध्यक्ष तथा निम्नलिखित 22 सदस्य होंगे, जिनमें से एक-तिहाई महिलाएँ होंगी, अर्थात् :-

(क) भारत सरकार के संयुक्त सचिव स्तर से अन्यून स्तर के सात सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी, जो केंद्र सरकार के निम्नलिखित कार्य देखने वाले विभागों से होंगे-

(i) कृषि,

(ii) वाणिज्य,

(iii) उपभोक्ता मामले,

(iv) खाद्य प्रसंस्करण,

(v) स्वास्थ्य,

(vi) विधायी मामले,

(vii) लघु स्तर उद्योग,

जो पदेन् सदस्य होंगे;

(ख) खाद्य उद्योग से दो प्रतिनिधि होंगे, जिनमें से एक लघु स्तर उद्योग से होगा;

(ग) उपभोक्ता संगठनों से दो प्रतिनिधि;

(घ) तीन ख्याति-प्राप्त खाद्य प्रोद्यौगिकीविद या वैज्ञानिक;

(ड.) राज्यों और संघशासित क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले और बारी-बारी से तीन वर्ष के लिए नियुक्त किए जाने वाले पाँच सदस्य, जो पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट अंचलों से क्रमानुसार होंगे;

(च) कृषक संगठनों के प्रतिनिधि दो व्यक्ति;

(छ) खुदरा विक्रेता संगठनों का प्रतिनिधि एक व्यक्ति;

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) खाद्य प्राधिकरण के विधिक प्रतिनिधि और खाद्य प्राधिकरण के सदस्य सचिव हैं।

एफएसएसएआई का चित्रात्मक रूपांकन

4.4 अधिनियम की धारा 16 के तहत खाद्य प्राधिकरण के कर्तव्य और शक्तियाँ निम्न प्रकार विहित हैं:-

(1) खाद्य प्राधिकरण का दायित्व होगा कि वह खाद्य पदार्थों के निर्माण, प्रसंस्करण, वितरण, विक्रय तथा आयात को विनियमित करे और उसकी मानीटरिंग करे, जिससे सुरक्षित और स्वास्थ्यकर खाद्य सुनिश्चित हो सके।

(2) उप धारा (1) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना खाद्य प्राधिकरण विनियमों द्वारा निम्नलिखित निर्दिष्ट कर सकती है:

(क) खाद्य सामग्रियों के संबंध में मानक तथा दिशा-निर्देश तथा अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित विविध मानकों के प्रवर्तन हेतु समुचित प्रणाली;

(ख) खाद्य संयोजी पदार्थों, फसल संदूशकों, फसल कीटनाशी अवशिष्टों, पशु औषधि अवशिष्टों, भारी धातुओं, प्रसंस्करण सहायक सामग्रियों, कवक विश, प्रतिजैविकों एवं भेषजीय रूप से सक्रिय सामग्रियों के प्रयोग एवं खाद्य पदार्थों के प्रदीपन की सीमाएँ;

(ग) खाद्य व्यवसाय के लिए खाद्य संरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के प्रमाणन से जुड़े प्रमाणन निकायों के प्रत्यायन हेतु कार्य-प्रणाली तथा दिशा-निर्देश;

(घ) भारत में आयातित किसी खाद्य पदार्थ के संबंध में गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया और उसका प्रवर्तन;

(ङ) प्रयोगशालाओं के प्रत्यायन और प्रत्यायित प्रयोगशालाओं को अधिसूचित करने की प्रक्रिया और दिशा-निर्देश;

(च) नमूने लेने, विश्लेषण करने और प्रवर्तन विभागों के मध्य सूचना के आदान-प्रदान की विधि;

(छ) देश में इस अधिनियम के कार्यान्वयन तथा प्रवर्तन का सर्वेक्षण;

(ज) स्वास्थ्य, पोषण, विशेष आहारिक उपयोगों पर दावों सहित खाद्य लेबलिंग मानक और खाद्य सामग्रियों की खाद्य श्रेणी प्रणालियाँ;

(झ) वे तरीके तथा प्रक्रियाएँ जिनके अंतर्गत जोखिमों का विश्लेषण, आकलन, संप्रेषण तथा प्रबंधन किया जाएगा;

(3) खाद्य प्राधिकरण के ये कर्तव्य भी होंगे:

(क) केंद्र एवं राज्य सरकारों को उन क्षेत्रों की नीतियाँ और नियम बनाने में वैज्ञानिक सलाह और तकनीकी सहयोग देना, जिनका खाद्य संरक्षा और पोषण पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है;

(ख) संगत वैज्ञानिक और तकनीकी आँकड़े खोजना, उनका संग्रहण, मिलान, विश्लेषण और सारांश तैयार करना, विशेष रूप से निम्नलिखित के संबंध में-

(i) खाद्य उपभोग और लोगों के खाद्य उपभोग संबंधी जोखिमों में होने की स्थिति;

(ii) जैविक खतरों का घटन और उनकी व्यापकता;

(iii) खाद्य पदार्थों में संदूशक;

(iv) विभिन्न संदूशकों के अवशिष्ट;

(v) उभरते जोखिमों की पहचान; और

(vi) द्रुत चेतावनी प्रणाली आरंभ करना;

(ग) जोखिम आकलन की कार्य-पद्धतियों के विकास हेतु दिशा-निर्देशों को बढ़ावा देना और उनके लिए समन्वय करना तथा खाद्य सामग्रियों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी खतरों के संदेशों की मानीटरिंग करना और उन्हें केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और खाद्य संरक्षा आयुक्तों को भेजना;

(घ) खाद्य संरक्षा संबंधी आपदाओं के प्रबंधन की प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह देना और उनको सहयोग देना, आपदा प्रबंधन के संबंध में एक आम योजना तैयार करना और केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध मे स्थापित आपदा यूनिट के साथ निकट सहयोग से कार्य करना;

(ङ) गतिविधियों का ताल-मेल करके, सूचना का आदान-प्रदान करके, संयुक्त योजनाओं का विकास और कार्यान्वयन करके तथा खाद्य प्राधिकरण के दायित्वों के अधीन क्षेत्रों की विशेषज्ञता और उत्तम रीतियों का आदान-प्रदान करके वैज्ञानिक सहयोग के ढाँचे का गठन सुलभ बनाने के लिए विभिन्न संगठनों की नेटवर्क प्रणाली तैयार करना;

(च) अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से सहयोग में सुधार के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों को वैज्ञानिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान कराना;

(छ) यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाना कि जन साधारण, उपभोक्ता, इच्छुक पार्टी और पंचायत के सभी स्तरों को त्वरित, विश्वसनीय, विषय से संबंधित सूचनाएँ उपयुक्त तरीकों तथा साधनों से पर्याप्त रूप में मिलें।

(ज) खाद्य व्यवसायी अथवा कर्मचारी अथवा अन्य रूप में खाद्य व्यवसाय में रत अथवा इस व्यवसाय में आने के इच्छुक अपने क्षेत्र या बाहर के व्यक्तियों को खाद्य संरक्षा और मानकों के बारे में प्रशिक्षण देना;

(झ) इस अधिनियम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए केंद्र सरकार द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य करना;

(ञ) खाद्य, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण में सहयोग करना;

(ट) जहाँ संगत और उपयुक्त हो, खाद्य संबंधी विशिष्ट उपायों की समतुल्यता पर सहमति बनाने के लिए योगदान देना;

(ठ) खाद्य मानकों पर अंतर्राष्ट्रीय सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा किए गए कार्य में ताल-मेल को बढ़ाना;

(ड) यह सुनिश्चित करते हुए कि देश में अपनाए गए संरक्षण का स्तर कम न हो, अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी मानकों और राष्ट्रीय खाद्य मानकों में समनुरूपता को बढ़ावा देना;

(ढ) खाद्य संरक्षा और खाद्य मानकों के बारे में आम जागरूकता को बढ़ावा देना;

(4) खाद्य प्राधिकरण बिना किसी अनुचित विलंब के निम्नलिखित सूचना सार्वजनिक करेगी:

(क) वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनलों की राय उनके अंगीकरण के तुरंत बाद;

(ख) खाद्य प्राधिकरण के सदस्यों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी; सलाहकार समिति, वैज्ञानिक समिति और वैज्ञानिक पैनलों के सदस्यों की रुचियों की हर वर्ष घोषणा के साथ-साथ बैठकों की कार्यसूचियों की मदों संबंधी रुचियों, यदि कोई हो, की घोषणा;

(ग) अपने वैज्ञानिक अध्ययनों के परिणाम; और

(घ) अपनी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट;

(5) खाद्य प्राधिकरण समय.समय पर खाद्य संरक्षा और मानकों के बारे में खाद्य संरक्षा आयुक्तों को निदेश दे सकती है, जो इस अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्हें मानने को बाध्य होंगे;

(6) खाद्य प्राधिकरण इसे प्राप्त ऐसी कोई गोपनीय जानकारी किसी तृतीय पक्ष को उजागर नहीं करेगी अथवा नहीं करवाएगी, जिसे गोपनीय रखने का अनुरोध किया गया हो और उसे मान लिया गया हो, सिवाय ऐसी सूचना के जो जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए परिस्थितियों के अनुसार सार्वजनिक की जानी अनिवार्य हो;

4.5 वर्ष 2015-16 के दौरान खाद्य प्राधिकरण का संघटन निम्नानुसार था:

खाद्य प्राधिकरण के सदस्य	
अध्यक्ष	
श्री बी पी शर्मा (04.02.2015 से 28.07.2015) श्री आशीष बहुगुणा (29.07.2015 से 31.03.2016)	
सदस्य सचिव (सीईओ)	
श्री आशीष बहुगुणा (29.07.2015 से 22.12.2015) (अतिरिक्त प्रभार) श्री पवन अग्रवाल (23.12.2015 से 31.03.2016)	
धारा 5 (1) (क) के अंतर्गत पदेन् सदस्य	
1	श्री के. एल. शर्मा, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (नवंबर, 2014 से)
2	श्री उत्पल कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, कृषि मंत्रालय (नवंबर, 2014 से)
3	(i) श्री असित त्रिपाठी, संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय (25.11.2014 से 28.01.2016 तक) (ii) श्री संतोश कुमार सारंगी, संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय (28.01.2016 से)
4	(i) श्री मनोज परिदा, संयुक्त सचिव, उपभोक्ता मामले मंत्रालय (25.11.2014 से 28.01.2016 तक) (ii) श्री पी वेंकटा रामा शास्त्री, संयुक्त सचिव, उपभोक्ता मामले मंत्रालय (28.01.2016 से)
5	श्रीमती अनुराधा प्रसाद, संयुक्त सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (नवंबर, 2014 से)
6	डॉ. रीता वशिष्ट, अपर सचिव, विधि एवं न्याय मंत्रालय (नवंबर, 2014 से)

7	(i) श्रीमती सुनीता छिब्बा, अतिरिक्त विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तरीय उद्यम (25.11.2014 से 28.01.2016) (ii) श्री मनोज जोशी, संयुक्त सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तरीय उद्यम (28.01.2016 से)
	सदस्य
	अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के खंड (ख) के अंतर्गत नियुक्त
8	श्रीमती श्रेया पांडेय, आल इंडिया फूड प्रोड्यूसर्स एसोशिएशन
9	श्रीमती मीतू कपूर, कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री
10	श्री तंगलुरा, मिजोरम कंज्यूमर्स यूनियन
11	श्री वासुदेव, के. ठक्कर, वी. केयर राइट एंड ड्यूटी एन.जी.ओ.
	अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के खंड (घ) के अंतर्गत नियुक्त
12	प्रो. (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान
13	डॉ. ललिता रामकृष्ण गौड़ा, प्रोटीन रासायनिकी एवं प्रौद्यौगिकी विभाग
14	डॉ. गुरुदयाल सिंह टोटेजा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिशद्
	अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के खंड (ङ) के अंतर्गत नियुक्त
15	गोआ सरकार के प्रतिनिधि
16	हिमाचल सरकार के प्रतिनिधि
17	छत्तीसगढ़ सरकार के प्रतिनिधि
18	असम सरकार के प्रतिनिधि
19	चंडीगढ़ सरकार के प्रतिनिधि
	अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के खंड (च) के अंतर्गत नियुक्त
20	श्री बालासुब्रमण्यम् वी., प्रॉन फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया
21	श्री अबुलकलाम, मदीना मुनवरे कैफी इस्टेट
	अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के खंड (छ) के अंतर्गत नियुक्त
22	डॉ. ए. आर. शर्मा, रिसेला हैल्थ फूड्स लिमिटेड

4.6 वर्ष 2015.16 के दौरान खाद्य प्राधिकरण की चार बैठकें निम्नानुसार हुईं:

क्रम सं0	खाद्य प्राधिकरण की बैठकें	तिथि
1	प्राधिकरण की 17वीं बैठक	18 मई, 2015
2	प्राधिकरण की 18वीं बैठक	04 सितंबर, 2015
3	प्राधिकरण की 19वीं बैठक	06 नवंबर, 2015
4	प्राधिकरण की 20वीं बैठक	27 जनवरी, 2016

4.7 विनियम, दिशा-निर्देश, मसौदा अधिसूचनाएँ, अंतिमित अधिसूचनाएँ खाद्य प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद जारी की जाती हैं। 2015-16 के दौरान मानकों, विनियमों की स्थिति अध्याय 8 में दी गई है।

अध्याय - 5

केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी)

5.1 एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 11 द्वारा केंद्रीय सलाहकार समिति की स्थापना का प्रावधान और धारा 12 में सीएसी के कार्यों का वर्णन है।

5.2 केंद्रीय सलाहकार समिति में खाद्य उद्योग, क़षि, उपभोक्ता, संगत अनुसंधान संस्थाओं और खाद्य प्रयोगशालाओं के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो-दो सदस्य होते हैं। इनके अतिरिक्त खाद्य संरक्षा के सभी आयुक्त और वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष इसके पदेन् सदस्य होते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी केंद्रीय सलाहकार समिति का पदेन् अध्यक्ष होता है।

5.3 केंद्र सरकार के कृषि, पशुपालन और डेयरी उद्योग, जैव प्रौद्योगिकी, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, पर्यावरण तथा वन, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, स्वास्थ्य, पंचायती राज, लघु उद्योग एवं खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालयों अथवों विभागों अथवा सरकारी संस्थानों या संगठनों और सरकार द्वारा मान्यता-प्रदत्त कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों को केंद्रीय सलाहकार समिति की चर्चाओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

5.4 केंद्रीय सलाहकार समिति खाद्य प्राधिकरण तथा प्रवर्तन एजेंसियों एवं खाद्य क्षेत्र में काम कर रहे संगठनों के बीच निकटता सुनिश्चित करती है।

5.5 समिति का मूल अधिदेश प्राधिकरण का कार्रवाई कार्यक्रम बनाना, कार्य का प्राथमिकीकरण निश्चित करना, संभावी जोखिमों की पहचान करना और ज्ञान का संग्रह करना है।

5.6 वर्ष 2015-16 के दौरान केंद्रीय सलाहकार समिति की बैठकें निम्नानुसार 3 बार हुईं:

क्रम सं0	सीएसी बैठक	तिथि
1	सीएसी की 14वीं बैठक	4 जून, 2016
2	सीएसी की 15वीं बैठक	13 अक्टूबर, 2016
3	सीएसी की 16वीं बैठक	3 फरवरी, 2016

अध्याय - 6

वैज्ञानिक समिति

6.1 एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 14 में वैज्ञानिक समिति के गठन का उपबंध है, जिसमें वैज्ञानिक पैनलों के अध्यक्ष और वैज्ञानिक पैनलों से असंबद्ध छह स्वतंत्र विज्ञानी होते हैं। इस समिति का कार्य खाद्य प्राधिकरण को वैज्ञानिक राय देना, वैज्ञानिक राय की एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सामान्य ताल-मेल, विशेष रूप से कार्य प्रक्रियाओं एवं वैज्ञानिक पैनलों की कार्य प्रणालियों का सुमेलन, करना है। वैज्ञानिक समिति एक से अधिक वैज्ञानिक पैनल के दायरे में आने वाले बहु-क्षेत्रीय मुद्दों तथा किसी भी वैज्ञानिक पैनल के दायरे में न आने वाले मुद्दों पर राय प्रदान करती है और वैज्ञानिक पैनल के अंतर्गत न आने वाले मुद्दों पर कार्य-समूह गठित करती है। वैज्ञानिक समिति अपना अध्यक्ष अपने सदस्यों में से चुनती है।

6.2 2015-16 के दौरान वैज्ञानिक समिति ने 4 बैठकें निम्नानुसार कीं:

क्रम सं0	बैठक सं0	बैठक की तिथि
1	17वीं	17 जून, 2015
2	18वीं	21 सितंबर, 2015
3	19वीं	23 नवंबर, 2015
4	20वीं	18 जनवरी, 2016

6.3 वैज्ञानिक समिति द्वारा इन बैठकों के दौरान की गई सिफारिशें खाद्य प्राधिकरण के समक्ष मसौदा अधिसूचनाएँ और अंतिमित अधिसूचनाएँ जारी करने के लिए अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई थीं।

अध्याय - 7

वैज्ञानिक पैनल

7.1 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 13 द्वारा विषय-सापेक्ष वैज्ञानिक पैनलों के गठन का उपबंध है, जिनमें स्वतंत्र विज्ञान विशेषज्ञ होते हैं। ये विशेषज्ञ जोखिम आकलन इकाई के रूप में काम करते हैं और अपनी सुविचारित वैज्ञानिक राय देते हैं।

7.2 खाद्य प्राधिकरण के पास नए सदस्य बनाकर या मौजूदा सदस्यों को हटाकर या पैनल का नाम बदलकर, जैसी भी स्थिति हो, वैज्ञानिक पैनलों का समय-समय पर पुनर्गठन करने का अधिकार है। वैज्ञानिक पैनल अपने अध्यक्ष का चयन अपने सदस्यों में से करते हैं।

7.3 खाद्य प्राधिकरण ने मौजूदा 09 वैज्ञानिक पैनलों के अतिरिक्त 07 नए वैज्ञानिक पैनल गठित किए हैं। वर्ष के दौरान निम्नलिखित 16 वैज्ञानिक पैनलों ने काम किया:

(i) प्रयोजनमूलक खाद्य, पोषण सामग्रियाँ, आहारीय उत्पाद और अन्य समान उत्पाद पैनल।

(ii) प्रतिचयन और विश्लेषण पद्धति पैनल।

(iii) खाद्य संयोजी, सुवासकारी, प्रसंस्करण सहायक सामग्री एवं खाद्य संपर्क सामग्रियाँ पैनल।

(iv) खाद्य श्रृंखला संदूशक पैनल।

(v) जैविक खतरे पैनल।

(vi) फसल कीटनाशी और प्रतिजैविक अवशिष्ट पैनल।

(vii) लेबलिंग और दावे, विज्ञापन पैनल।

(viii) जीन-परिवर्तित सूक्ष्म जीवाणु एवं खाद्य पैनल।

(ix) मत्स्य एवं मत्स्य उत्पाद पैनल।

(x) मिठाई, मिष्टान्न, मधुरक, शर्करा एवं शहद पैनल।

(xi) जल (सुवासित जल सहित) एवं पेय पदार्थ (एल्कोहलीय एवं एल्कोहलरहित) पैनल।

(xii) तेल एवं वसा पैनल।

(xiii) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद पैनल

(xiv) मांस एवं पोल्ट्री सहित मांस उत्पाद पैनल।

(xv) अनाज, दालें एवं फलियाँ और उनके उत्पाद पैनल (बेकरी सहित)।

(xvi) फल एवं वनस्पति और उनके उत्पाद (सूखे फल, मेवे, लवण, मसालों सहित) पैनल।

7.4 वैज्ञानिक पैनलों ने अवधि के दौरान निम्नलिखित विवरण के अनुसार अनेक बैठकें कीं:

क्रम सं0	वैज्ञानिक पैनल	बैठक संख्या	बैठक की तिथि
1.	प्रयोजनमूलक खाद्य, पोषण सामग्रियाँ, आहारीय उत्पाद और अन्य समान उत्पाद पैनल	25वीं बैठक	23 अप्रैल, 2015
		26वीं बैठक	25 जून, 2015
		27वीं बैठक	4 सितंबर, 2015
		28वीं बैठक	21 सितंबर, 2015
		29वीं बैठक	17 नवंबर, 2015
		30वीं बैठक	22 दिसंबर, 2015
2.	प्रतिचयन और विश्लेषण पद्धति पैनल	12वीं बैठक	22 जून, 2015
		13वीं बैठक	28 अक्टूबर, 2015
		14वीं बैठक	9 दिसंबर, 2015
3.	खाद्य संयोजी, सुवासकारी, प्रसंस्करण सहायक सामग्री एवं खाद्य संपर्क सामग्रियाँ पैनल	22वीं बैठक	12 व 13 मई, 2015
		23वीं बैठक	15 अक्टूबर, 2015
		24वीं बैठक	9 व 10 दिसंबर,2015
		25वीं बैठक	17 व 18दिसंबर,2015
		26वीं बैठक	27 जनवरी, 2015
4.	खाद्य श्रृंखला संदूशक पैनल	10वीं बैठक	11 सितंबर, 2015
		11वीं बैठक	8 दिसंबर, 2015
		12वीं बैठक	30 मार्च, 2015
5.	जैविक खतरे पैनल	14वीं बैठक	21 व 22 मई, 2015
		15वीं बैठक	13 अक्टूर, 2015
		16वीं बैठक	22 दिसंबर, 2015
		17वीं बैठक	11, 12 जनवरी, 2015
		18वीं बैठक	17, 18 फरवरी, 2015
		19वीं बैठक	28 मार्च, 2015

क्रम सं0	वैज्ञानिक पैनल	बैठक संख्या	बैठक की तिथि
6.	फसल कीटनाशी और प्रतिजैविक अवशिष्ट पैनल	36वीं बैठक	21 मई, 2015
		37वीं बैठक	18 जून, 2015
		38वीं बैठक	29 जुलाई, 2015
		39वीं बैठक	8 सितंबर, 2015
		40वीं बैठक	19 नवंबर, 2015
		41वीं बैठक	19 जनवरी, 2015
		42वीं बैठक	15 मार्च, 2015
7.	लेबलिंग और दावेविज्ञापन पैनल	19वीं बैठक	2 दिसंबर, 2015
8.	मत्स्य एवं मत्स्य उत्पाद पैनल	6ठी बैठक	30 अप्रैल, 2015
		7वीं बैठक	7 मई, 2015
		8वीं बैठक	7 दिसंबर, 2015
9.	मिठाई, मिष्टान्न, मधुरक, शर्करा एवं शहद पैनल	पहली बैठक	1 सितंबर, 2015
		दूसरी बैठक	12 अक्टूबर, 2015
		तीसरी बैठक	13 जनवरी, 2016
10.	जल (सुवासित जल सहित) एवं पेय पदार्थ (एल्कोहलीय एवं एल्कोहलरहित) पैनल	पहली बैठक	22 जुलाई, 2015
		दूसरी बैठक	19 अक्टूबर, 2015
		तीसरी बैठक	20 जनवरी, 2016
		चौथी बैठक	10 मार्च, 2016
11.	तेल एवं वसा पैनल	पहली बैठक	29 अक्टूबर, 2015
		दूसरी बैठक	8 जनवरी, 2016
		तीसरी बैठक	11 मार्च, 2016
12.	दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद पैनल	पहली बैठक	18 दिसंबर, 2015
13.	मांस एवं पोलट्री सहित मांस उत्पाद पैनल	पहली बैठक	16 दिसंबर, 2015
		दूसरी बैठक	29 मार्च, 2016
14.	अनाज, दालें एवं फलियाँ और उनके उत्पाद पैनल (बेकरी सहित	पहली बैठक	3 दिसंबर, 2015
		दूसरी बैठक	18 फरवरी, 2016
15.	फल एवं वनस्पति और उनके उत्पाद (सूखे फल, मेवे, लवण, मसालों सहित) पैनल	पहली बैठक	17 दिसंबर, 2015
		दूसरी बैठक	24 फरवरी, 2016

कार्य बल समूह/विशेशज्ञ समूह

7.5 अधिकार क्षेत्र के विषय पर सिफारिशें करने के लिए कार्य बल/ विशेषज्ञ समूह बनाए गए थे। 2015.16 के दौरान इन समूहों की कुछ बैठकें निम्न विवरण के अनुसार हुई।

क्रम सं0	नाम	बैठक संख्या	बैठक की तिथि
1	दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद कार्य बल समूह	10वीं बैठक	12 मई, 2015
2	एल्कोहलीय पेय विशेषज्ञ समूह	11वीं बैठक	7 व 8 अप्रैल, 2015
3	वसा, शर्करा एवं लवण विशेषज्ञ समूह	पहली बैठक	17 जुलाई, 2015
		दूसरी बैठक	14 सितंबर, 2015
		तीसरी बैठक	24 नवंबर, 2015
		चौथी बैठक	2 फरवरी, 2016

7.6 इन बैठकों के दौरान वैज्ञानिक पैनलों/ कार्य बल/विशेषज्ञों के समूहों के द्वारा की गई सिफारिशें आगे विचारार्थ एवं अनुमोदन के लिए वैज्ञानिक समिति के समक्ष रखी गई थीं।

7.7 खाद्य संरक्षा के संबंध में एक व्यापक डैटा बेस तैयार करने के लिए दिनांक 19-20 जून, 2015 को सूक्ष्म जैविक जोखिम आकलन के सिद्धांतों और दिशा.निर्देशों पर दो दिवसीय परामर्श का आयोजन किया गया। इस परामर्श में इस क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने भाग लेकर मांस, मछली, दुग्ध, फल और सब्जी, मसाले, जड़ी-बूटियों आदि के सूक्ष्म जैविक जोखिम आकलन के दृष्टिकोणों, कार्य-पद्धतियों और केस विश्लेषण पर चर्चा की।

7.8 पशुओं, पोल्ट्री, मछली और प्रसंस्कृत खाद्य से तैयार किए गए खाद्यों में फसल कीटनाशियों, पशु औषधियों और प्रतिजैविकों के अवशिष्टों की अधिकतम सीमा निर्धारित करने पर दिनांक 01.02.2016 और 02.02.2016 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एफएसएसएआई और हितधारकों के मध्य पेशेवर सहयोग को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने, फसल कीटनाशियों, प्रतिजैविकों और पशु औषधियों के अवशिष्टों की अधिकतम सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रियाएँ बनाने और उनके तकनीकी ज्ञान में सुधार करने के उद्देश्य से की गई। दूसरे दिन के प्रायोगिक कार्य से भागीदारों को जोखिम आकलन का व्यावहारिक अनुभव हुआ।

वैज्ञानिक पैनलों का पुनर्गठन

7.9 नए खाद्य उत्पादों के मानक बनाने अथवा खाद्य उत्पादों की विभिन्न श्रेणियों के वर्तमान मानकों की पुनरीक्षा करने के लिए वैज्ञानिक समिति और कुछ वैज्ञानिक पैनलों के पुनर्गठन का कार्य आरंभ किया गया। इस संबंध में वैज्ञानिक समिति और निम्नलिखित वैज्ञानिक पैनलों के लिए योग्य पेशेवरों/ वैज्ञानिकों/विषय विशेषज्ञों से किसी संस्था अथवा वैज्ञानिक निकाय अथवा उसके प्रतिनिधि के रूप में आवेदन करने की बजाय निजी सामर्थ्य से आवेदन करने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति प्राधिकरण की वेबसाइट पर डाली गई और प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित की गई:

(क) खाद्य संयोजी पदार्थ, सुवासकारी, प्रसंस्करण सहायक सामग्री और खाद्य संपर्क सामग्री:

(ख) फसल कीटनाशी एवं प्रतिजैविक अवशिष्ट;

(ग) जीन-परिवर्तित सूक्ष्म जीवाणु एवं खाद्य;

(घ) प्रयोजनमूलक खाद्य, पोषण सामग्रियाँ, आहारीय उत्पाद एवं अन्य समान उत्पाद;

(ङ) जैविक खतरे;

(च) खाद्य श्रृंखला संदूशक;

(छ) लेबलिंग और दावे/विज्ञापन;

(ज) प्रतिचयन एवं विश्लेषण पद्धतियाँ; और

(झ) मत्स्य एवं मत्स्य उत्पाद;

दिनांक 19-20 जून, 2015 को आयोजित सूक्ष्म जैविक जोखिम आकलन के सिद्धांत और दिशा-निर्देश पर परामार्श

पशुओं, पोल्ट्री, मछली और प्रसंस्कृत खाद्य से तैयार खाद्यों में फसल कीटनाशियों, पशु औषधियों और प्रतिजैविकों के अवशिष्टों की अधिकतम सीमा निर्धारित करने के लिए दिनांक 01-02.02.2016 को हुई कार्यशाला

अध्याय - 8

खाद्य मानकों का निर्धारण और उनके विनियमों का प्रकाशन

भारतीय मानकों का कोडेक्स मानकों से सुमेलन

8.1 एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 16(3)(ड) के अंतर्गत एफएसएसएआई का दायित्व है कि वह सम्बद्ध अंतर्राष्ट्रीय मानकों से अनुरूपता का संवर्धन करे। कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग द्वारा अंगीकृत मानक और अन्य दिशा-निर्देश सम्बद्ध अंतर्राष्ट्रीय मानक हैं और डब्ल्यूटीओ के ढाँचे में संदर्भ बिंदु भी हैं। संयुक्त राष्ट्र के एफएओ और डब्ल्यूएचओ देशों को अपने मानकों को कोडेक्स मानकों के अनुरूप बनाने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते रहते हैं।

उपरोक्त की दृष्टि से भारत के मानकों की पुनरीक्षा करके उन्हें भारतीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संभव सीमा तक कोडेक्स मानकों के अनुरूप बनाना उचित समझा गया। सुमेलन की इस प्रक्रिया में निम्नलिखित मानक बनाए गए हैं:

भारतीय मानकों का कोडेक्स मानकों से सुमेलन	
1.	खाद्यों में भारी धातुओं की सीमा
2.	प्राकृतिक रूप से उत्पन्न जैव विषों के लिए मानक (नोट्स)
3.	कवक विश मानक
4.	स्टेवियॉल ग्लिकोसाइड्स मानक
5.	खाद्य संयोजी पदार्थों का कोडेक्स मानकों से सुमेलन

8.2 2015-16 के दौरान मानकों और विनियमों की स्थिति

अंतिमित अधिसूचनाएँ जारी की गईं	
क्रम सं0	विनियम/मानक
1	खाद्यों में ट्रांस-फैटी एसिडों की अधिकतम सीमा (5% तक पुनरीक्षित)
2	खाद्यों में कवक विषों की अधिकतम सीमा
3	जिलेटिन में क्रोमियम की अधिकतम सीमा
4	ब्रेड में ग्लुकोज ओक्सीडेज, लाइपेज और जाइलानेज का उपयोग
5	खाद्यों में पुल्लुलान (खाद्य संयोजी) का उपयोग
6	खाद्यों में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न जैव विषों की अधिकतम सीमा
7	ब्रेड में लेसिथिन के मानक
8	कैरामल और ग्लेजिंग अभिकर्मकों का उपयोग
9	स्टेवियॉल ग्लिकोसाइड्स (खाद्य संयोजी) का उपयोग
10	पाउडर शिशु फार्मूला, शिशु द्रव फार्मूला और अन्य खाद्यों में मेलामाइन के मानक

11	प्रोप्रायटरी फूड मानक
II. अंतिमित अधिसूचना के लिए अनुमोदित मानक	
1	ग्लुटेनमुक्त और अल्प ग्लुटेन खाद्यों संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य संयोजी पदार्थ) संशोधन विनियम, 2015
2	खाद्यों में भारी धातुओं की सीमाओं संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (संदूशक, जैव विश एवं अवशिष्ट) संशोधन विनियम, 2015
3	शिशु फार्मूला, अनुवर्ती फार्मूला, आइसोमाल्टुलोज और उच्च फाइबर डेक्स्ट्रिन में डीएचए और एआरए संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य संयोजी पदार्थ) संशोधन विनियम, 2015
4	कुछ खाद्य श्रेणियों अथवा वैयक्तिक खाद्य वस्तुओं में उपयोग के लिए खाद्य संयोजी पदार्थों के मानकों के सुमेलन संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य उतपाद मानक एवं खाद्य संयोजी पदार्थ) संशोधन विनियम, 2015
5	खाद्य तेलों और खाद्य वसाओं के संबंध में श्रेणी शीर्षकों की घोषणा संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (पैकेजबंदी एवं लेबलिंग) संशोधन विनियम, 2015 के अंतिमित (मसौदा) संशोधन
6	खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य अथवा स्वास्थ्य पूरक आहार, पोषण सामग्रियाँ, विशेष आहारीय उपयोगों के लिए खाद्य, विशेष चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए खाद्य, प्रयोजनमूलक खाद्य और असामान्य खाद्य) विनियम, 2016 संबंधी मसौदा विनियम
III. हितधारकों की सम्मतियाँ आमंत्रित करने के लिए जारी मानकों/विनियमों की मसौदा अधिसूचना	
1	खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य वापसी प्रक्रिया) विनियम, 2015
2	खाद्यों में कवक विषों के मानकों संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (संदूशक, जैव विश एवं अवशिष्ट) संशोधन विनियम, 2015
3	दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों में मेलामाइन के मानकों संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (संदूशक, जैव विश एवं अवशिष्ट) संशोधन विनियम, 2015
4	खाद्य घटकों के रूप में फाइटोस्टेरॉलों के उपयोग संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य संयोजी पदार्थ) संशोधन विनियम, 2015 पौध स्टेरॉलों के उपयोग पर लेबल घोषणा संबंधी खाद्य संरक्षा एवं मानक (पैकेजबंदी एवं लेबलिंग) संशोधन विनियम, 2015
5	भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (केंद्रीय सलाहकार समिति के कार्य-व्यापार संबंधी प्रक्रिया) संशोधन विनियम, 2015
IV. जनता की सम्मतियाँ आमंत्रित करने के लिए मसौदा अधिसूचना के लिए खाद्य प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित मानक/ विनियम/प्रस्ताव	
1	गाय के दुग्ध की वसा और वसा से इतर ठोस (एसएनएफ), और (ii) एफएसएसआर, 2011 में ऊँट के दुग्ध के मानकों के सम्मिलन संबंधी दुग्ध मानकों का पुनरीक्षण
2	एल्कोहलीय पेयों के मसौदे विनियम
3	फल पकाने के लिए इथाइलीन गैस की अनुमत सीमाएँ

4	भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (वैज्ञानिक समिति एवं वैज्ञानिक पैनलों संबंधी प्रकियाएँ) विनियम, 2010 का पुनरीक्षण
5	वैज्ञानिक समिति एवं वैज्ञानिक पैनलों के सदस्यों के चयन के लिए आंतरिक प्रक्रिया के दिशा-निर्देश
6	खाद्य विश्लेषण पद्धति मैनुअलों का अंतिमन – (i) तेल एवं वसा; (ii) कवक विश; (iii) अनाज एवं अनाज उत्पाद; (iv) खाद्य संयोजी पदार्थ; (v) फल एवं वनस्पति उत्पाद; (vi) धातुएँ; (vii) मसाले; (viii) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद; और (ix) प्रतिचयन संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश
7	खाद्य गुणता एवं संरक्षा के लिए अनुसंधान एवं विकास/सर्वेक्षणों की योजना के दिशा-निर्देश
8	अधिकतम अवशिष्ट सीमाएँ ज्ञात करने के लिए फसलों के समूहीकरण का सिद्धांत अपनाने की संभावनाएँ
9	चाय में लौह-चूर्ण
10	पैकेजबंद पेय जल
11	दालों में बाहरी सामग्रियों की सीमाएँ
12	चाँदी का पन्ना (वर्क)
13	चॉकलेट
14	इंटरईस्टरित वनस्पति वसा का इंटरईस्टरित वनस्पति वसा/तेल के रूप में पुनर्नामन
15	टेबल ओलिव
16	पास्ता उत्पाद
17	डेयरी व्हाइटनर
18	संदूशकों की सूची से जस्ते का अपनयन
19	खाद्य पदार्थों में फसल कीटनाशियों की एमआरएल का निर्धारण
20	भा मा ब्यूरो के नौ मानकों का अंगीकरण – (क) शिशुओं और स्कूल-पूर्व बच्चों के लिए प्रोटीन-बहुल पूरक, (ख) खाद्य मूंगफली आटा (कोल्हू से दला), (ग) माल्ट अर्क, (घ) बेकरी खमीर, (ङ) लैक्टिक एसिड – खाद्य ग्रेड, (च) एस्कॉर्बिक एसिड – खाद्य ग्रेड, (छ) कैल्शियम प्रोपियोनेट – खाद्य ग्रेड, (ज) सोडियम मेटाबाईसल्फाइट – खाद्य ग्रेड, (झ) पोटाशियम मेटाबाईसल्फाइट – खाद्य ग्रेड
21	कैरामल का ''प्राकृतिक'' अथवा ''संश्लेषित'' रंग के रूप में श्रेणीकरण
22	केसरी दाल के उपभोग से संरक्षा का आकलन/निर्धारण / केसरी दाल के उपभोग पर प्रतिबंध
23	विभिन्न खाद्य उत्पादों में माल्टीटोल और माल्टीटोल शीरा का उपयोग
24	परिशोधन प्रक्रम में एन्जाइमी विगोंदन शामिल करना
25	भारत में आयातित कोल्हू से निकले/पेरे गए नारियल के तेल की परिशोधन से छूट देना
26.	मिश्रित खाद्य वनस्पति तेलों के अधिकतम अनुमत पैक साइज 15 लीटर को "शामिल करते हुए 15 किग्रा हो

27.	मत्स्य और मत्स्य उत्पादों के विभिन्न मानकों का सुमेलन- (i) जमी हुई सेफैलोपोड; (ii) जमी हुई फिनफिश; (iii) जमी हुई झींगी; (iv) मछली के कत्ले; (v) स्मोक्ड मत्स्य उत्पाद; (vi) रिटोर्टेबल थैलियों में तैयारशुदा फिनफिश/ शेलफिश करी; (vii) डिब्बाबंद मत्स्य उत्पाद; (viii) सार्डाइन तेल; (ix) खाद्य मत्स्य पाउडर; (x) मत्स्य अचार; (xi) जमा हुआ मत्स्य कीमा; (xii) हिमशुष्कित सूखे झींगे; और (xiii) जमा हुआ क्लैम मीट
28.	पोष्टित दुग्ध
29.	पोष्टित खाद्य वनस्पति तेल
30.	खाद्य लैक्टोज
31.	बीजरहित इमली
32.	जई
33.	खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य संयोजी पदार्थ) विनियम, 2011 के उप विनियम 2.5.1 (क) में खरगोश कुल अर्थात् लेपोरिडे को पशु प्रजातियों में "शामिल करना
34.	फलों और वनस्पतियों और उनके उत्पादों के लिए सूक्ष्म जीव संबंधी मानक
35.	हिस्टेमाइन सृजक मत्स्य प्रजातियाँ और मत्स्य एवं मत्स्य उत्पादों के लिए हिस्टेमाइन स्तर की सीमाएँ

कुछ मानकों/विनियमों को लागू करना

8.3 एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 18(2) (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार अत्यावश्यकता के तहत खाद्य संयोजी पदार्थों, प्रोप्रायटरी खाद्य मानकों के सुमेलन के संबंध में मसौदा संशोधन अधिसूचना में शामिल खाद्य संयोजी पदार्थों के कुछ मानकों और आयात विनियमों को लागू किया गया है।

अध्याय - 9

खाद्य का आयात

9.1 एफएसएसएआई यह सुनिष्चित करके जन स्वास्थ्य की संरक्षा करने और उसका संवर्धन करने के लिए जिम्मदार है कि राष्ट्र में मानव के लिए खाद्य आपूर्ति सुरक्षित, स्वच्छ और स्वास्थ्यकर है। भारत में खाद्य का आयात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 25 के अधीन किया जाता है। अधिनियम में यह उपबंध है कि कोई भी व्यक्ति भारत में कोई खाद्य सामग्री अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत बने किसी नियम अथवा विनियम के उल्लंघन में आयात नहीं करेगा। इसमें यह भी उपबंध है कि केंद्र सरकार विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 का 22) के अंतर्गत खाद्य वस्तुओं के आयात का प्रतिषेध, प्रतिबंध अथवा उनका अन्यथा विनियमन करते समय इस अधिनियम और इसके अंतर्गत बने नियमों एवं विनियमों के अंतर्गत निर्धारित मानकों का अनुसरण करेगी। अग्रिम, एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 47(5) के अनुसार खाद्य की आयातित वस्तुओं के संबंध में खाद्य प्राधिकरण का प्राधिकृत अधिकारी उसका नमूना लेगा और उसे विश्लेषण के लिए एफएसएसएआई की एनएबीएल प्रत्यायोजित अधिसूचित प्रयोगशाला को भेजेगा और प्रयोगशाला प्राधिकृत अधिकारी को उसकी रिपोर्ट पाँच दिनों के अंदर भेजेगी। प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण रिपोर्टों के अनुसार आयातित खेप का खाद्य संरक्षा संबंधी पहलू सुनिश्चित किया जाता है।

9.2 एफएसएसएआई ने एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 47(5) के अनुसार 21 प्रवेश स्थानों को कवर करते हुए दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, तूतीकोरेन और कोचीन बंदरगाह छह स्थानों पर (समुद्र, वायु और भूमि सहित) प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करके अगस्त-सितंबर 2010 से खाद्य को पास करने की प्रक्रिया चरणबद्ध रूप में लागू करके उसके आयात को सफलतापूर्वक सुचारू बना दिया है। एफएसएसएआई ने 135 स्थानों पर सीमा "शुल्क अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया है।

9.3 अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक की अवधि के दौरान लिए गए नमूनों और जारी किए गए अनापत्ति प्रमाण पत्रों संबंधी आँकड़े **सारणी-1** में दिए गए हैं। यह सूचित किया जाता है कि एफएसएसएआई ने 1,03,44,881.24 मीट्रिक टन आयातित खाद्य उत्पादों के 71,368 नमूनों को निपटाया। इस प्रक्रिया में 21,772.54 मीट्रिक खाद्य के 1,062 नमूनों (1.5%) के लिए अपालन प्रमाण-पत्र जारी किए गए अथवा वे निरस्त किए गए, क्योंकि वे एफएसएस अधिनियम, 2006 और उसके अधीन बने विनियमों का पालन नहीं कर रहे थे।

9.4 खाद्य खेपों की आयातों को पास करने की प्रक्रिया को सरल बनाने और उसमें लगने वाले समय को कम करने के लिए वर्ष 2015-16 के दौरान निम्नलिखित पहलें की गईं:

क) एफएसएसएआई के अधिकारी चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, कोचीन और तूतीकोरेन छह जगहों पर हैं। उपरोक्त सभी छः स्थानों पर आयात को पास करने का काम एफएसएसएआई के ऑनलाइन क्लियरेंस सिस्टम (एफआईसीएस) द्वारा किया जाता है।

(ख) दिनांक 14.01.2016 को खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य आयात) विनियमों को लागू करने की सूचना एफएसएसएआई की वेबसाइट पर डाली गई।

(ग) खाद्य आयात प्राथमिकीकरण पद्धति का कार्यान्वयन तीन चरणों में करने की योजना बनाई गई है। आगमन-पूर्व कागजात जाँच (पीएडीएस) योजना का कार्यान्वयन एकल ख़िड़की से इतर सभी स्थानों पर दिनांक 02.02.2016 से कर दिया गया।

(घ) खाद्य आयात की निम्नलिखित श्रेणियों को नेमी प्रतिचयन और परीक्षण से छूट दे दी गई है:

- वैयक्तिक उपभोग के लिए आयातित खाद्य
- राजदूत मिशनों द्वारा आयातित खाद्य
- अनुसंधान एवं विकास के लिए आयातित खाद्य
- प्रदर्शनियों और आस्वादन के लिए आयातित खाद्य
- अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्द्धाओं के लिए आयातित खाद्य।

(ड़) आयातित नमूनों के परीक्षण के लिए एफएसएसएआई ने देश भर में एनएबीएल प्रत्यायित विभिन्न प्रयोगशालाएँ अधिसूचित की हैं। अधिसूचित प्रयोगशालाओं की संख्या 82 से बढ़ाकर 92 कर दी गई है। रेफरल प्रयोगशालाओं की संख्या भी 12 से बढ़ाकर 14 कर दी गई है।

(च) एफएसएसएआई ने परीक्षण और आयात क्लियरेंस में एकरूपता बनाए रखने के लिए 135 जगहों पर सीमा "शुल्क अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारियों के रूप में अधिसूचित किया है, जिनका विवरण http://www.fssai.gov.in/importedfood.aspx पर दिया गया है।

सारणी : 1

सारणी:1 अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक खाद्य आयात पास करने संबंधी आँकड़े						
बंदरगाह	नमनूों की कुल संख्या	मीट्रिक टन में कुल मात्रा	रद्द किए गए		अनुमोदित	
			अपालन प्र-माण-पत्र जारी किए गए	मीट्रिक टन में मात्रा	अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किए गए	मीट्रिक टन में मात्रा
चेन्नई	12843	2188837.50	202	8825.57	12636	2158440.12
कोचीन	1347	86459.25	259	4806.26	1088	80979.29
दिल्ली	6738	41629.43	155	1126.58	6548	30673.16
कोलकाता	5626	2144536.42	32	2608.78	5590	2130984.87
मुंबई	43317	5481331.86	364	3378.56	42870	5430718.46
तूतीकोरेन	1497	402086.76	50	1026.79	1447	341551.42
योग	**71368**	**10344881.24**	**1062**	**21772.54**	**70179**	**10173347.33**

अध्याय - 10

प्रवर्तन--राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में खाद्य संरक्षा का विनियमन

10.1 लाइसेंसिग और पंजीकरण:

2015-16 के दौरान 5607 केंद्रीय लाइसेंस जारी किए गए, जिससे दिनांक 31.03.2016 तक केंद्रीय लाइसिंग प्राधिकरणों (सीएलए) द्वारा जारी किए गए केंद्रीय लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 24,917 हो गई। जहॉ तक राज्य लाइसेंसों का संबंध है, राज्य/संघ "शासित सरकारों द्वारा कुल 1,56,551 लाइसेंस जारी किए गए और 3,86,518 पंजीकरण किए गए। 31.03.2016 तक राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों ने अधिनियम के अंतर्गत 7,08,664 लाइसेंस जारी कर दिए हैं और 27,64,000 खाद्य व्यवसायियों का पंजीकरण किया है। राज्यों और संघ "शासित क्षेत्रों में लाइसेंसों/पंजीकरणों की स्थिति **सारणी 1** में दर्शाई गई है।

10.2 राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में एफएसएस अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में वर्ष 2015-16 के दौरान प्रगति:

10.2.1 2015-16 के दौरान केंद्रीय सलाहकार समिति की तीन बैठकें की गईं। 01.03.2016 तक केंद्रीय सलाहकर समिति की 16 ऐसी बैठकें की गईं, जिनमों राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों ने भाग लिया और अपने मुद्दों पर चर्चा की।

10.2.2 राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों से प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्टें प्राप्त करने की प्रक्रिया का स्वचालन कर दिया गया है और अब राज्य/संघ "शासित क्षेत्र रिपोर्ट लिखित में देने की बजाय एफएलआरएस पर सीधे डाल सकते हैं।

10.2.3 हवाई अड्डों/बंदरगाहों पर एफएलआरएस आरंभ की गई है। जून, 2016 में कोंकण रेलवेज ने ऑनलाइन काम करना आरंभ कर दिया है। भारतीय रेलवेज में एफएलआरएस आरंभ करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

10.2.4 वर्ष 2015-16 के दौरान निम्नलिखित 9 राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों ने लाइसेंसिंग/पंजीकरण के लिए ऑनलाइन काम करना आरंभ कर दिया है। दिनांक 30.03.216 तक कुल 33 राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों ने ऑनलाइन काम करना आरंभ कर दिया है। "शेष 3 राज्यों ओडिशा, नागालैंड और छत्तीसगढ़ से कार्रवाई कराने की योजना 2016-17 की कार्रवाई योजना में "शामिल कर ली गई है।

1	सिक्किम	27 मई, 2015
2	झारखंड	29 मई, 2015
3	बिहार	10 जून,2015
4	लक्ष्यद्वीप	16 जून, 2015
5	मणिपुर	21 जुलाई, 2105
6	त्रिपुरा	26 अगस्त, 2015
7	पश्चिमी बंगाल	15 दिसंबर, 2015
8	अंडमान और निकोबार द्वीप	18 दिसंबर, 2015
9	जम्मू और कश्मीर	30 मार्च, 2016

10.2.5 रेलवेज के लिए संयुक्त खाद्य संरक्षा आयुक्त की नियुक्ति की गई है।

10.2.6 दुग्ध में अपमिश्रण की तुरंत पहचान के लिए एफएसएसएआई ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ तीन राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों को मिल्क एनालाइजर, दुग्ध द्रुत परीक्षण उपकरण वाले इलेक्ट्रॉनी दुग्ध अपमिश्रण परीक्षित्र (ईएमएटी) प्रायोगिक आधार पर वितरित किए हैं।

10.2.7 रेलवेज, हवाई अड्डों/बंदरगाहों और रक्षा केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बैठकें की गईं।

10.3 कुछ अन्य पहल

1. स्कूली बच्चों के लिए विनियम बनाने का कार्य आरंभ किया गया। विभिन्न हितधारकों के साथ कई बैठकें की गईं।
2. केंद्रीय सरकार के संगठनों के अंतर्गत विभागीय कैंटीनों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया आरंभ की गई।
3. 'रेलवेज में सुरक्षित खाद्य' परियोजना के माध्यम से भारतीय रेलवेज में एफबीओज को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया आरंभ की गई।
4. स्वच्छ पेय जल के बारे में उपभोक्ताओं की जागरूकता बढ़ाने के लिए 'स्वच्छ पेय जल' परियोजना आरंभ की गई।

10.4 विचाराधीन पहल

1. समर्पित मामले हैंडलिंग पोर्टल/मोबाइल एप बनाना और लागू करना।
2. लाइसेंसिंग और पंजीकरण विनियम में परिवर्तन

राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में प्रशासकीय तंत्र का विवरण

10.5 राज्य/संघ "शासित क्षेत्र सरकारें अपने क्षेत्रों में एफएसएस अधिनियम, 2006 के कार्यान्वयन के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। सभी राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों ने खाद्य संरक्षा आयुक्त नियुक्त कर दिए हैं तथा निर्णय अधिकारी (एओ), अभिनामित अधिकारी (डीओ) और खाद्य संरक्षा अधिकारी (एफएसओ) अधिसूचित कर दिए हैं।

नियुक्त किए गए एओ	**13**
नियुक्त किए गए डी ओ	**19**
नियुक्त किए गए एफएसओ	**628**

स्थापित की गई संचालन समितियाँ **03** अब तक 29 राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में संचालन समितियाँ स्थापित की जा चुकी हैं।

स्थापित की गई अपीलीय ट्रिब्यूनलें **05** अब तक 24 राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में अपीलीय ट्रिब्यूनलें स्थापित की जा चुकी हैं।

राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में प्रशासकीय तंत्रों का विवरण **सारणी 2** में दिया गया है।

10.6 एफएसएस अधिनियम, 2006 के अंतर्गत राज्य प्रयोगशालाओं ने अधिसूचित प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य करना जारी रखा और

लोक विश्लेषकों का नाम बदलकर खाद्य विश्लेषक कर दिया गया है। वर्ष 2015-16 के दौरान राज्य प्रयोगशालाओं द्वारा प्रतिचयन और परीक्षण के विवरण **सारणी 3** में दिए गए हैं।

10.7 वर्ष 2015-16 में प्रवर्तन गतिविधियों के बारे में जारी की गई परामर्शिकाएँ/आदेश/ अधिसूचनाएँ :

1) एफएसएसएआई की उत्पाद अनुमोदन योजना के माध्यम से अस्वीकृत उत्पादों का निर्माण/वितरण बंद करना -

आदेश सं0 1(2) 2011/स्टेट्स/एफएसएसएआई/वाल्यूम I, दिनांक 21 अप्रैल, 2015 द्वारा निर्देश दिया गया था कि जिन उत्पादों के निर्माण में ऐसे घटक अथवा पदार्थ "शामिल हैं अथवा जिनके निर्माण में ऐसी प्रौद्योगिकियों अथवा प्रक्रमों अथवा दोनों का प्रयोग होता हो जिनकी संरक्षा इन विनियमों के माध्यम से स्थापित न हुई हो अथवा जिनकी बिक्री/प्रयोग का कोई इतिहास न हो अथवा जिन उत्पादों में ऐसे घटकों का प्रयोग अपेक्षित हो जिनका देश में पहली बार प्रयोग हो रहा हो, उनके निर्माता खाद्य व्यवसायियों को उत्पाद अनुमोदन के लिए आवेदन करना होगा।

2) मै. नस्ले इंडिया लिमिटेड का ''मैगी इन्स्टैंट नूडल्स विद टेस्टमेकर'' और धारा 22 के अंतर्गत आने वाले वे अन्य खाद्य उत्पाद जिनका जोखिम/संरक्षा आकलन नहीं हुआ था -

आदेश सं0 10/क्यूए/एन्फोर्समेंट इष्यूस/एफएसएसएआई-2015, दिनांक 05 जून, 2015 द्वारा मै. नेस्ले इंडिया लिमिटेड को मानव उपभोग के लिए असुरक्षित और खतरनाक पाए गए मैगी इन्स्टैंड नूडल्स की सभी 09 अनुमोदित किस्मों, ''मैग्ी ओट्स मसाला नूडल्स विद टेस्टमेकर'', जिसके लिए जोखिम/खतरा आकलन नहीं किया गया है और उत्पाद अनुमोदन नहीं किया गया है, को बाजार से वापस मंगाने का आदेश दिया गया था।

3) बाजार में विद्यमान सभी निर्माताओं और ब्रांडों के नूडलों, पास्ताओं और मैकरोनी विद टेस्टमेकर पर एफएसएस अधिनियम का प्रवर्तन -

क) आदेश सं0 10/क्यूए/एन्फोर्समेंट इष्यूज/एफएसएसएआई:2015, दिनांक 08 जून, 2015 में उन नूडलों, पास्ताओं और मैकरोनी आदि खाद्य उत्पादों और निर्माता खाद्य व्यवसायियों के विवरण हैं, जिनके लिए रिकार्ड के अनुसार एफएसएसएआई ने अनुमति/अनुमोदन सशर्त दी है।

ख) आदेश में उन अमानकीकृत खाद्य उत्पादों के विनियामक नमूने लेने और लागू मानकों के अनुरूप न पाए गए खाद्य पदार्थों के विरुद्ध एफएसएस अधिनियम और अन्य लागू विधियों (आईपीसी सहित) के अनुसार कार्रवाई करने का परामर्श दिया गया है।

ग) उक्त आदेश के परिणामस्वरूप मैसर्स एचयूएल लिमिटेड और मैसर्स नेस्ले इंडिया लिमिटेड ने अपने अमानकीकृत उत्पाद वापस मंगा लिए। मैसर्स आईटीसी ने भी अपने ब्रांड ''यिप्पी नूडल्स'' के लेबल से ''नो नूडल्स एमएसजी'' हटाकर उसमें सुधार कर लिया है।

4) यूनिट-चालित कैंटीनों (यूआरसी) को एफएसएसएआई लाइसेंसिंग से छूट देने के संबंध में कार्यालय आदेश दिनांक 15 जनवरी, 2016 -

यूआरसी को एफएसएसएआई लाइसेंसिंग से छूट दी गई है। केवल सीएसडी के लिए लाइसेंस लेना होगा, जिनके अधीन यूआरसी कार्य करेंगी।

5) एफएसएस अधिनियम, 2006 की धारा 36 के अंतर्गत केंद्रीय लाइसेंसिंग के लिए एफएसएसएआई के अभिनामित अधिकारी की अधिसूचना के बारे में कार्यालय आदेश दिनांक 09 फरवरी, 2016 -

आदेश के उपबंध दिनांक 1 मार्च, 2016 से लागू होंगे। परिणामस्वरूप लखनऊ और चंडीगढ़ के उप क्षेत्रीय कार्यालय लाइसेंस प्रदान करने के लिए नए आवेदन पर कार्रवाई करने के प्रयोजन से मौजूद नहीं माने जाएँगे।

6) खाद्य संरक्षा एवं मानक (खाद्य व्यवसाय लाइसेंसिग और पंजीकरण) विनियम, 2011 के विनियम 2.1.2 के अनुसार खाद्य व्यवसायियों के लिए लाइसेंस लेने/पंजीकरण कराने की समय सीमा 04 मई, 2016 तक बढ़ाने के संबंध में आदेश दिनांक 05 फरवरी, 2016 ।

7) अभिनामित अधिकारियों के रूप में क्षेत्राधिकार के साथ नियुक्त अधिकारियों के संबंध में कार्यालय आदेश दिनांक 25 जनवरी 2016 -

श्री प्रसेनजीत गायकवाड़ पश्चिमी क्षेत्र के पदनामित अधिकारी नियुक्त किए गए और श्री डी. पी. गुहा को पूर्वोत्तर क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

8) नूडलों और पास्ताओं में मोनोसोडियम ग्लुटामेट के सुवासवर्धक के रूप में उपयोग पर स्पष्टीकरण के संबंध में आदेश दिनांक 30 मार्च 2016-

खाद्य व्यवसायियों को परिहार्य परेशानी/अभियोजन से बचाने के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कि उपभोक्ताओं को खाने की वस्तुओं की पसंद का चुनाव करने की सुविधा है, यह प्रावधान किया गया कि एफबीओ के विरुद्ध कार्रवाई तभी की जाए जब उनके लेबल पर ''कोई एमएसजी नहीं'' अथवा ''कोई योजित एमएसजी नहीं'' लिखा हो परंतु वह कथित खाद्य सामग्री में वास्तव में पाया जाए। खाद्य संरक्षा आयुक्तों को परामर्श दिया गया है कि नूडलों/पास्ताओं में एमएसजी/ग्लुटामिक एसिड की उपस्थिति पर उसके निर्माता विशेष के विरुद्ध प्रवर्तन/अभियोजन तब तक आरंभ न किया जाए जब तक विभाग द्वारा यह ज्ञात न कर लिया जाए कि लेबल पर घोषणा किए बिना मोनोसोडियम ग्लुटामेट सुवासवर्धक (आईएनएस ई-621) को निर्माण के दौरान जानबूझकर डाला गया था।

9) पोषण सामग्रियों, खाद्य पूरकों और स्वास्थ्य पूरकों पर प्रवर्तन गतिविधियों के संबंध में आदेश दिनांक 30 मार्च, 2016-

यह निर्णय लिया गया कि पोषण सामग्रियों, खाद्य पूरकों और स्वास्थ्य पूरकों के मानक अंतिम रूप से अधिसूचित किए जाने तक ऐसे खाद्य व्यवसायियों के विरुद्ध प्रवर्तन गतिविधि पोषण सामग्रियों, खाद्य पूरकों और स्वास्थ्य पूरकों संबंधी मसौदा अधिसूचना में दी गई कुछ अपेक्षाओं के परीक्षण तक सीमित रखी जाए। इस आदेश को एफएसएसएआई वेबसाइट पर दिनांक 09 सितंबर, 2015 को अपलोड किया गया था।

सारणी 1: राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में लाइसेंसिंग/पंजीकरण पर रिपोर्ट

क्रम सं0	राज्य का नाम	जारी किए गए लाइसेंस	किए गए पंजीकरण
1	अंण्डमान और निकोबार द्वीप	538	6118
2	आंध्र प्रदेश	31384	32902
3	अरुणाचल प्रदेश	1793	6296
4	असम	4266	2344
5	बिहार	9353	24336
6	चंडीगढ़	2894	1506
7	छत्तीसगढ़	9645	9101
8	दादर एवं नगर हवेली	799	2350
9	दमन एवं दीव	588	3246
10	दिल्ली	15197	30827
11	गोआ	3420	20448
12	गुजरात	52522	144222
13	हरियाणा	7352	15452
14	हिमाचल प्रदेश	8038	87364
15	जम्मू एवं कश्मीर	9459	82912
16	झारखंड	5765	13881
17	कर्नाटक	74776	202977
18	केरल	44567	144651
19	लक्ष्यद्वीप	1	412
20	मध्य प्रदेश	38549	389885
21	महाराष्ट्र	205688	691285
22	मणिपुर	864	5010
23	मेघालय	1578	3108
24	मिजोरम	440	3433
25	नागालैंड	362	1417
26	ओडिशा	9179	13299
27	पुदुच्चेरी	1221	2148
28	पंजाब	18295	105290
29	राजस्थान	23,482	86276

30	सिक्किम	1343	4510
31	तमिलनाडु	28843	151091
32	तेलंगाना	15347	12694
33	त्रिपुरा	1161	3848
34	उत्तराखंड	8206	6339
35	उत्तर प्रदेश	**50,284**	**400777**
36	पश्चिम बंगाल	21465	52845
योग		**7,08,664**	**27,64,600**
कुल योग		34,73,264	

सारणी 2: एफएसएस अधिनियम, 2006 के अंतर्गत राज्यों/संघ "शासित क्षेत्रों में प्रशासकीय तंत्र

क्रम सं0	राज्य का नाम	एफ एस सी	एओ की सं.	डीओ की सं.	एफएसओ की सं.	संचालन समिति	ट्रिब्यूनल
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	1	3	3	14	हाँ	हाँ
2	आंध्र प्रदेश	1	13	17	45	हाँ	हाँ
3	अरुणाचल प्रदेश	1	20	20	3	हाँ	हाँ
4	असम*	1	27	5	40	हाँ	हाँ
5	बिहार	1	38	9	14	नहीं	नहीं
6	चंडीगढ़	1	1	2	2	हाँ	हाँ
7	छत्तीसगढ़	1	27	27	71	हाँ	हाँ
8	दादर एवं नगर हवेली	1	1	1	2	नहीं	नहीं
9	दमन एवं दीव	1	2	2	2	हाँ	हाँ
10	दिल्ली	1	11	6	12	हाँ	हाँ
11	गोआ	1	2	2	17	हाँ	नहीं
12	गुजरात	1	33	33	259	नहीं	हाँ
13	हरियाणा*	1	21	21	12	हाँ	हाँ
14	हिमाचल प्रदेश*	1	10	5	4	हाँ	हाँ
15	जम्मू एवं कश्मीर*	1	22	19	72	हाँ	नहीं
16	झारखंड*	1	24	24	202	हाँ	नहीं
17	कर्नाटक	1	30	36	64	नहीं	नहीं
18	केरल	1	21	14	57	हाँ	हाँ

19	लक्ष्यद्वीप*	1	1	1	15	नहीं	हाँ
20	मध्य प्रदेश	1	51	51	182	हाँ	हाँ
21	महाराष्ट्र*	1	7	62	298	हाँ	हाँ
22	मणिपुर*	1	9	9	9	हाँ	नहीं
23	मेघालय	1	7	3	7	हाँ	हाँ
24	मिजोरम	1	8	3	10	हाँ	नहीं
25	नागालैंड*	1	11	11	11	हाँ	नहीं
26	ओडिशा	1	34	37	26	नहीं	नहीं
27	पुदुच्चेरी	1	2	1	2	हाँ	हाँ
28	पंजाब*	1	22	22	46	हाँ	हाँ
29	राजस्थान*	1	48	42	87	हाँ	हाँ
30	सिक्किम	1	4	2	2	नहीं	नहीं
31	तमिलनाडु	1	32	32	584	हाँ	नहीं
32	तेलंगाना*	1	10	15	9	हाँ	हाँ
33	त्रिपुरा	1	8	9	4	हाँ	हाँ
34	उत्तराखंड	1	13	12	31	हाँ	हाँ
35	उत्तर प्रदेश	1	75	72	695	हाँ	हाँ
36	पश्चिम बंगाल*	1	19	19	42	हाँ	हाँ
योग		**36**	**667**	**649**	**2952**	**29**	**24**

नोट: वर्ष 2015-16 के लिए *राज्यों की वार्षिक रिपोर्टें प्रतीक्षित हैं।

सारणी 3: वर्ष 2015-16 के लिए वार्षिक सार्वजनिक प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट

क्रम सं0	राज्य का नाम	प्राप्त नमूनों की कुल संख्या	विष्लेशित	अपमिश्रित	फौज दारी	दीवानी	अपराध सिद्ध	दंड	राशि
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	156	156	25	0	0	0	0	271000
2	आंध्र प्रदेश	4860	4860	870	194	347	4	83	5215000
3	अरुणाचल प्रदेश	290	290	30	0	28	0	5	15000
4	असम	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
5	बिहार	2032	1447	35	0	93	0	4	20000
6	चंडीगढ*	96	96	12		12	0	2	102000

क्रम सं0	राज्य का नाम	प्राप्त नमूनों की कुल संख्या	विष्लेशित	अपमिश्रित	फौज दारी	दीवानी	अपराध सिद्ध	दंड	राशि
7	छत्तीसगढ़	1026	1026	298	3	17	0	0	85000
8	दादर एवं नागर हवेली*	40	40	5		3	0	1	10000
9	दमन एवं दीव	106	106	11		11	0	0	
10	दिल्ली	1472	1472	239	149	0	0	0	4482500
11	गोआ	1132	1155	72	0	4	1	1	5000
12	गुजरात	15115	14891	1242	30	507	1	182	19005906
13	हरियाणा	2121	2063	180	7	149	0	111	2743600
14	हिमाचल प्रदेश*	296	305	55	19		20	0	180000
15	जम्मू एवं कश्मीर*	1354	1215	334	1	335	215	0	2214400
16	झारखंड	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
17	कर्नाटक	2894	2340	433		58	0	0	436000
18	केरल	2364	2196	459	138	246	17	44	6633500
19	लक्ष्यद्वीप	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
20	मध्य प्रदेश	10035	9994	1311	82	879	36	447	4,48,26,000
21	महाराष्ट्र*	2019	1400	345	396	85	105011		1225500
22	मणिपुर*	67	67	0	0	8	8	8	1,64,000
23	मेघालय	124	87	4	0	0	0	0	0
24	मिजोरम	24	17	4	0	0	0	0	
25	नागालैंड*	187	187	76		32	20	20	10000
26	ओडिशा	211	211	61		2		1	
27	पुदुच्चेरी	827	827	11	0	1	0	1	5000
28	पंजाब	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
29	राजस्थान	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
30	सिक्किम	5	5	0	0	0	0	0	0
31	तमिलनाडु	1742	1783	607	107	308	23	202	5890800
32	तेलंगाना	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
33	त्रिपुरा	814	814	17		5	0	0	2750
34	उत्तराखंड	1073	1073	183	10	95	0	0	1535000
35	उत्तर प्रदेश	17,726	14833	7189	506	4864	164	2370	115120480
36	पश्चिम बंगाल	102	101	71	1	13	0	0	0
	Total	**70,310**	**65,057**	**14179**	**1643**	**8102**	**105520**	**3482**	**210198436**

अध्याय - 11

निगरानी गतिविधियां

11.1 खाद्य संरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 की धारा 29 (3) के प्रावधान के अनुसार खाद्य प्राधिकरण एक नियंत्रण व्यवस्था संचालित करेगा एवं अन्य परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त गतिविधियां जिसमें खाद्य संरक्षा एवं जोखिम पर सार्वजनिक संवाद शामिल हो, खाद्य संरक्षा निगरानी एवं अन्य निगरानी गतिविधियां जों खाद्य व्यापार के प्रत्येक चरण को शामिल करें।

11.2 राज्य खाद्य संरक्षा आयुक्त से अनुरोध किया गया था कि वे मौसमी फलों, सब्जियों एवं अन्य खाद्य पदार्थो पर निगरानी रखने के लिए खाद्य संरक्षा निगरानी अभियान चलाएं। राज्यों से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे इसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में जमा कराएं। 14 वीं सीएसी बैठक दिनांक 04.06.2015 को इस संबंध में अन्तिम रिपोर्ट जमा कराने के लिए इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया।

11.3 एक परिवर्तित निगरानी योजना तैयार की गई तथा इस पर 13.10.2015 को आयोजित 15वीं सीएसी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। तत्पश्चात 03.02.2016 को आयोजित 16वीं सीएसी बैठक में योजना का सुझाव/परिवर्तनों के लिए प्रस्तावित किया गया। खाद्य संरक्षा आयुक्तों से भी अनुरोध किया कि वे अपने-अपने राज्यों में खाद्य संरक्षा निगरानी कार्यक्रम नियमित तौर पर चलाएं एवं निर्धारित प्रपत्र में रिपोर्ट जमा कराएं।

11.4 वर्ष 2015 में चेन्नई एवं कोलकाता के अभिहित अधिकारियों के द्वारा चेन्नई, हैदराबाद, एवं कोलकाता क्षेत्र में वसा, तेल एवं वसा पायसन की निगरानी गतिविधियां आयोजित की गई। चेन्नई एंव हैदराबाद से विभिन्न वसा एवं तेल के 100 नमूने एवं कोलकाता क्षेत्र से विभिन्न वसा एवं तेल के 50 नमूनों का विश्लेषण किया गया। इस संबंध में सभी राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों के खाद्य आयुक्तों को पत्र दिनांक 23 अक्टूबर 2015 को जारी किया गया। पत्रानुसार सभी राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश अपने राज्यों में तेल एवं वसा पर निगरानी गतिविधियों को तेज करें एवं यदि नमूना प्रकृति के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो उचित कानूनी कदम उठाएं।

11.5 राज्य सरकारों को समय-2 पर प्रभावी निगरानी को लागू करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए है।

11.6 देश में दुग्ध गुणवत्ता की स्थिति का पता लगाने के लिए एफएसएसएआई के द्वारा सम्पूर्ण भारत में दुग्ध गुणवत्ता सर्वे (एमक्यूएस, 2016) की योजना तैयार की गई। इस सर्वे को शुरू करने के लिए प्रायोगिक सर्वे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के कुछ भागों को शामिल करते हुए प्रस्तावित है।

अध्याय - 12

गुणवत्ता आश्वासन (प्रयोगशालाएं, नमूना चयन एवं विश्लेषण)

12.1 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने दिनांक 16.10.2015 को दुग्ध जांच उपकरण विक्रेताओं/निर्माताओं एवं थोक उपभोक्ताओं से आधारभूत ढॉचागत सुविधाओं को विकसित करने के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया। ताकि दुग्ध उपभोक्ताओं को उनके द्वारा खरीदे गए दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांचने के लिए दुग्ध जांच उपकरणों तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित की जा सकें। इस बैठक में कई व्यक्तियों एवं पारम्परिक मिठाई दुकानों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में भाग लेने वाले अन्य व्यक्तियों में, आयुक्त, खाद्य संरक्षा, दिल्ली, निदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रतिनिधि थे। 15 दुग्ध जांच उपकरण निर्माताओं के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में अपने-अपने उपकरणों का प्रदर्शन किया।

12.2 **एफएसएसआर, 2011 के अनुसार नमूना जांच मानकों का संकलन-** विभिन्न खाद्य सामग्रियों के लिए गुणवत्ता एवं संरक्षा मानकों का निर्धारण वर्तमान में 6 विनियमों एवं परिशिष्टों में किया गया है। इसलिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य उत्पादों के गुणवत्ता एवं संरक्षा मानकों का संकलन कर प्रकाशित किया है ताकि सम्पूर्ण देश को खाद्य जांच प्रयोगशालाओं में मानकीकृत एवं प्रभावी जांच हो सके। संकलन भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

12.3 **एफएसएसएआई की नमूना जांच शुल्क का पुनरीक्षण -** एक महत्वपूर्ण पहल खाद्य जांच शुल्क को औचित्यपूर्ण बनाने की ओर की गई, जोकि पहले एक तदर्थ तरीके से भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आरंभ से (1000/- रूपए सभी नियामक नमूनों के लिए एवं 3000/- रू आयातित नमूनो के लिए) निश्चित थी। इसका ध्यान रखते हुए कि भिन्न–भिन्न खाद्य उत्पादों की जांच में विभिन्न मानकों एवं उपकरणों का प्रयोग होता है, नमूना जांच दरों का पुर्ननिर्धारण किया गया तथा इन दरों को अधिक वास्तविक एवं जांच मानकों एवं इसमें शामिल जटिलताओ के साथ जोड़ा गया। जांच दरों के पुनरीक्षण तथा इन्हें वास्तविक बनाने से इस देश में वित्तीय रूप से व्यवहार्य खाद्य जांच प्रयोगशालाओं का तंत्र बनाने में मदद मिलेगी।

12.4 **खाद्य जांच प्रयोगशालाओं की अधिसूचना -** एफएसएसएआई अधिनियम 2006 की धारा 43(1) के अनुरूप भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने अब तक एनएबीएल से मान्यता प्राप्त 82 प्रयोगशालाओं को उक्त अधिनियम की धारा 47 के अनुसार लिए हुए नमूनों की जांच करने के उद्देश्य से अधिसूचित किया। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने वर्ष 2015-16 के दौरान अन्य 16 एनएबीएल से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं को अधिसूचित किया है। इसके पश्चात कुल अधिसूचित प्रयोगशालाओं की संख्या 98 हो चुकी है, जिसकी वजह से सम्पूर्ण देश में खाद्य जांच की सुविधा में सुधार हुआ है। खाद्य जांच की प्रयोगशालाओं को अधिसूचित करना प्रयोगशालाओं की स्वंय प्रार्थना पत्र के आधार पर भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की सतत प्रक्रिया है।

12.5 **रेफरल खाद्य प्रयोगशालाओं की अधिसूचना -** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा पूर्व में 12 रेफरल प्रयोगशालाओं को गजट संख्या 2444 दिनांक 02.12.2014 से अधिसूचित किया है। दो और प्रयोगशालाएं जिनका नाम आईआईसीपीटी, तन्जुवर एवं राष्ट्रीय मीट अनुसंधान केन्द्र, हैदराबाद को गजट संख्या 2611 दिनांक 07.12.2015 से अधिसूचित किया जा चुका है, जिससे रेफरल प्रयोगशालाओं की कुल संख्या 14 हो गई है जहां खाद्य के अपील नमूनों का विश्लेषण किया जाता है।

12.6 **प्रयोगशाला के कार्मिकों का प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण -** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने विशेषज्ञों की सहायता से प्रयोगशाला में कार्यरत तकनीकी एवं वैज्ञानिक कार्मिकों की क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है तथा खाद्य विश्लेषकों एवं अन्य प्रयोगशाला कार्मिक राज्य खाद्य जांच प्रयोगशलाओं के लिए प्रथम प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 30 नवम्बर से 4 दिसम्बर, 2015 तक मैसर्स टीयूवी- एसयूडी साऊथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में आयोजित किया गया। द्वितीय चरण

के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मैसर्स एनवीरोकेअर लैब्स प्रायवेट लिमिटेड, मुम्बई के परिसर में 29 फरवरी से 4 मार्च 2016 को आयोजित किया गया।

12.7 **नमूना-चयन एवं विश्लेषण पद्धति पर वैज्ञानिक** – पैनल : भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को गठन से पूर्व, विभिन्न खाद्य उत्पादों को जांचने के लिए डीजीएचएस के मैन्युअलों का प्रयोग किया जा रहा था जिनको कि 20 वर्ष पहले तैयार किया गया था। तब से विश्लेषण के क्षेत्र में बहुत सारे परिवर्तन आ चुके है तथा यह आवश्यक हो गया कि खाद्य उत्पादों को जांचने के मैन्युअल की समीक्षा की जाए तथा नई खाद्य उत्पाद जांच पद्धतियों एवं परिर्वतनों को शामिल किया जाए। नमूना-चयन एवं विश्लेषण पद्धति पर वैज्ञानिक पैनल ने विभिन्न खाद्य उत्पादों को जांचने में उपयोग में ली जा रही वर्तमान पद्धतियों की समीक्षा करना प्रारंभ किया तथा नई जांच पद्धतियों के विकास के कार्य का प्रारंभ किया। वर्ष 2015-16 के दौरान पैनल ने विभिन्न खाद्य पदार्थो को जांचने के लिए विभिन्न 16 मैन्युअलों की समीक्षा की तथा गुड फूड लैबोरेट्री प्रेक्टिसिज (जीएफएलपी) का दस्तावेज का निर्माण किया। इन मैन्युअलों की समीक्षा का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है तथा खाद्य प्राधिकरण के द्वारा निम्नलिखित 9 मैन्युअलों को वैज्ञानिक पैनल की बैठकों, वैज्ञानिक समितियों तथा जन-संवाद के पश्चात स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

(i) दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद

(ii) तेल एवं वसा

(iii) फल एवं सब्जी उत्पाद

(iv) अनाज एवं अनाज उत्पाद

(v) खाद्य योजक

(vi) कवक विष

(vii) मसाले एवं चटनी

(viii) धातु

(ix) नमूना-चयन पर सामान्य दिशा-निर्देश

अध्याय – 13

नियम संग्रह गतिविधियां

13.1 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण में भारतीय नियम संग्रह संपर्क बिन्दु जो कि राष्ट्रीय नियम संग्रह सम्पर्क बिन्दु (एनसीसीपी) है। स्थापित किया गया है। प्रत्येक देश का एनसीसीपी कोडेक्स सचिवालय के साथ कोडेक्स भोजन विषयक संबंधी मामलों में समन्वय करता है।

13.2 भारतीय प्रतिनिधी मण्डल ने वर्ष 2015-16 के दौरान आयोजित 17 कोडेक्स समिति बैठको में भाग लिया। प्रतिनिधि मण्डल में खाद्य प्राधिकरण से तथा संबंधित मंत्रालय/विभाग से सदस्य तथा अन्य भागीदार भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य थे। भारत ने 'परिष्कृत चीज़ भौतिक कार्यकारी समूह की ब्रसल्स में जनवरी 2015 में आयोजित बैठक में भाग लिया। भारत ने रोम, इटली में दिनांक 30 नवम्बर, 2015 से 2 दिसम्बर, 2015 तक आयोजित कोडेक्स भोजन विषयक कार्यकारी समिति कार्यशाला में भी भाग लिया। भारत ने 49 इलैक्ट्रोनिक कार्यकारी समूहों की बैठक में भाग लिया तथा ईडब्ल्यूजीस में महत्वपूर्ण टिप्पणियों की। भारत ने 8 ईडब्ल्यूजी बैठकों की अध्यक्षता भी की। भारत 2016 में आयोजित एक ईडब्ल्यूजी बैठक (वेअर-पोटाटो) एवं एक ईडब्ल्यूजी बैठक (जीपीएफएच समीक्षा एवं एचएसीसीपी पूरक अंश की समीक्षा) का सह-अध्यक्ष भी है। उपरोक्त वर्णित सभी कोडेक्स समितियों में, पीडब्ल्यूजी एवं ईडब्ल्यूजी बैठकों में, भारत की लिखित टिप्पणियां कोडेक्स सचिवालय में जमा कराई गई एवं भारत की चिंताओं को वृहद रूप से इन टिप्पणियों एवं हस्तक्षेपो के आधार पर समिति-सत्रों के दौरान संबोधित किया गया।

13.3 भारत ने भोजन में प्रदूषकों पर कोडेक्स समिति के नवें सत्र की सह-मेजबानी दिनांक 16-19 मार्च, 2015 तक नई दिल्ली में की। इसका उद्घघाटन 16 मार्च, 2015 को महामहिम श्री एलफोन्सस स्टोलिन्गा, नीदरलैण्ड के भारत में राजदूत, श्रीमती नाता मेनण्दे, डब्ल्यूएचओ की भारत में प्रतिनिधि, श्री युद्धवीर सिंह मलिक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण तथा डॉ विकिटंस, अध्यक्ष, सीसीसीएफ की उपस्थिति में हुआ। सत्र की अध्यक्षता डॉ विकी टंस, पशु स्वास्थ्य एवं बाजार पहुंच विभाग, आर्थिक मामले मंत्रालय, नीदरलैण्ड के द्वारा की गई। इस सत्र में 55 सदस्य देश, एक सदस्य संगठन एवं 13 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रेषक शामिल थे। भारत की ओर से 26 सदस्यों ने इस सत्र में भाग लिया जिसमें अन्य मंत्रालयों/ विभागों, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल थे। भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व श्री सुनील बक्शी, उप महाप्रबंधक, एनडीडीबी, ने किया। भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के द्वारा अकार्बनिक आर्सेनिक की भुसी चावल में उच्चतम स्तर के प्रस्तावित प्रारूप पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां एवं हस्तक्षेप किया गया। भारतीय प्रतिनिधि मण्डल ने समिति को यह सूचित किया कि भारत नए सत्र में भूसी चावल से जीईएमएस के परिर्वतन के लिए 0.35 एम जी/ किग्रा का नया अतिरिक्त आंकडा प्रस्तुत करेगा।

13.4 सीएसी (2015) के 38वी सत्र में भारत को दो वर्ष के लिए एफएओ/ डब्ल्यू एच ओ की एशिया की समन्वय समिति का समन्वयक नियुक्त किया गया है तथा 2015 से, सीसीएशिया की बैठक प्रत्येक नियम संग्रह समिति की बैठकों के साथ-साथ आयोजित की जा रही है। भारत का स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए स्वच्छता अभ्यास का नियम संग्रह को सत्र की कार्य सूची में शामिल कर लिया गया है।

13.5 नए प्रस्तावित कार्य

13.5.1 भारत ने नए प्रस्तावित कार्य के रूप में मसालों एवं पाक जड़ी-बूटियों की कोडेक्स समिति के द्वितीय सत्र में 14-18 सितम्बर, 2015 तक आयोजित सूखी मिर्च पाउडर एवं सूखा लहसुन को प्रस्तावित किया।

13.5.2 भारत ने 5-9 अक्टूबर, 2015 को आयोजित ताजे फलों एवं सब्जियों पर कोडेक्स समिति के 19वें सत्र में ताजे खजूर को नए कार्य के रूप

में प्रस्तावित किया तथा समिति सहमत हुई कि भारत इस पर एक प्रोजेक्ट दस्तावेज तथा मानक अगले सत्र में विचार-विमर्श के लिए तैयार करेगा।

13.5.3 खाद्य लैबलिंग पर कोडेक्स समिति में गैर खुदरा कन्टेनरों पर लैबलिंग मानक

13.6 अंतर्राष्ट्रीय खाद्य संरक्षा प्राधिकरण तंत्र (इन्फोसान)

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य संरक्षा प्राधिकरण तंत्र को एशिया में मजबूत करने के लिए तथा राष्ट्रीय खाद्य संरक्षा व्यवस्था पर 23-26 नवम्बर, 2015 तक कोंगसार (चीन) में आयोजित मीटिंग में भाग लिया।

अध्याय – 14

सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई ई सी)

14.1 सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) रणनीतियों एवं दृष्टिकोण को जोड़ती है जिससे कि संगठन, समुदाय एवं हितधारक अपने निर्धारित लक्ष्यों को बनाए एवं प्राप्त करने में समर्थ होते हैं। आईसी किसी भी संगठन की प्रचार गतिविधियों को प्रणालीबद्ध करने के लिए रीड़ की हड्डी का कार्य करता है। यह सबसे महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें नियमित एवं सतत् प्रयासों की लक्षित हितधारकों पर आवश्यकता होती है। यह लोगों को निर्णय लेने में एवं अपने व्यवहार को परिवर्तित करने में सशक्त करती है।

14.2 आईईसी गतिविधियों को आवश्यकताओं के मूल्यांकन दृश्यता को व्यापक बनाने के लिए, कानून, नियम एवं विनियम के बारे में शिक्षित करने एवं जागरूकता पैदा करने के आधार पर विकसित किया जाता है। आईईसी ने विभिन्न लक्षित समूहों को बहुमूल्य जानकारी प्रदान करने के लिए कई संचार के साधनों का उपयोग किया।

14.3 हितधारकों को कानून, नियम एवं विनियम के आवश्यक भागों के बारे में जागरूक करने के लिए कई आयोजन प्रिंट एवं इलैक्ट्रोनिक मीडिया के द्वारा किए गए। आईईसी सामग्री को बुकलेट/लीफलेट/पोस्टरों इत्यादि को खाद्य संरक्षा पर खाद्य संचालकों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोई खाद्य संरक्षा, खाद्य संचालक क्या करें एवं क्या नहीं, स्ट्रीट फूड का उपभोग करते समय खाद्य संरक्षा के ध्यान में रखे जाने वाले बिन्दु, आयात अनापत्ती प्रमाण पत्र, लैबलिंग, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट, बच्चों के लिए खाद्य संरक्षा, घर पर खाद्य संरक्षा इत्यादि पर एफएसएसएआई के हितधारकों के लिए विकसित किया गया।

14.4 जन संपर्क प्रेरणा कार्यक्रम एमसीएपी भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (डीडीयू एसआईआरडी) उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा उत्तर प्रदेश के 8 जिलों में चलाया गया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य हितधारकों को एफएसएसएआई के एफएसएस एक्ट, नियम एवं विनियम उद्देश्य एफएसएसएआई के कार्य एवं भूमिका, खाद्य सुरक्षा एवं मानक, भोजन में मिलावट की जांच करने के सामान्य तरीके, खाद्य समस्या को कैसे रिपोर्ट करें के बारे में शिक्षित करना था।

14.5 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन का भारत के लिए देश कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, तथा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने मिलकर एक राष्ट्रीय परामर्श गोष्ठी का आयोजन 1 अप्रैल 2015 को नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य दिवस 2015 के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के तौर पर किया।

14.6 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) लेडी इरविन महाविद्यालय नई दिल्ली में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन विश्व स्वास्थ्य दिवस 2015 के उपलक्ष में 7 अप्रैल 2015 को आयोजित किया।

14.7 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से खाद्य एवं औषध प्रशासन के निदशालय ने गृह विज्ञान महाविद्यालय, गोवा सरकार के सहयोग से एक दो दिवसीय खाद्य संरक्षण प्राधिकरण कार्यशाला का आयोजन स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए 23 एवं 24 जून 2015 को गृह विज्ञान महाविद्यालय केम्पाल, पणजी, गोवा में किया।

14.8 एफएसएसएआई ने उपभोक्ता मामले विभाग के साथ मिलकर एक संयुक्त जन अभियान जागो ग्राहक जागो- 2015 में भाग लिया।

14.9 एफएसएसएआई ने 35वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले-2015, आईआईटीएफ, 2015 में 14 से 27 नवंबर 2015 तक प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित मेले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की हेल्थ पवेलियन में स्टॉल लगाकर भाग लिया।

14.10 केंद्रीय/राज्य सरकारी एजेंसियों, उपभोक्ता संगठनों/ गैर सरकारी संगठनों एवं सरकारी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों जो कि खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं को सूचना शिक्षा एवं संचार गतिविधियों का संचालन करने के लिए एफएसएसएआई से जोड़ने की योजना बनाई गई एवं घोषित की गई!

14.11 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, एफएसएसएआई ने भारत में छात्रों के लिए पोषित सुरक्षित एवं स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किए।

14.12 विचार मंथन कार्यशाला

14.12.1 एफएसएसएआई ने12 मार्च 2016 को खाद्य संरक्षा एवं पौष्टिक भोजन की सोशल मार्केटिंग विषय पर विचार मंथन कार्यशाला का आयोजन किया इसका उद्देश्य खाद्य संरक्षण को बढ़ावा देना एवं जागरुकता पैदा करना था

14.12.2 इस कार्यशाला में दिल्ली खाद्य संरक्षा विभाग, भारतीय जनसंचार संस्थान, एम्स, आईडीए, सीआईआई-फेस, नेश्ले इंडिया लिमिटेड, डाबर, जीएसके, करगिल, हल, एनआईएसजी, तकनीकि विषेशज्ञ, कलाकार इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

14.12.3 विभिन्न विषयों पर अलग-अलग समूहों के विचारों का एक-दूसरे के साथ आदान-प्रदान किया गया, जिससे लोगों को सामाजिक अथवा मल्टी मीडिया के माध्यम से शिक्षित करने और काम में लगाने, ग्राहकों के विभिन्न वर्गों को समझने, विनियमन और प्रवर्तन के लिए एक ही मंच का सृजन करने, बेहतर पहुँच के राज्य सरकारों को शामिल करने, खाद्य के पोषण स्तर का आकलन करने के लिए खाद्य एप का विकास करने जैसे नए विचार सामने आए।

14.13 दिल्ली मेट्रो ट्रेनों में जागरूकता अभियान

14.13.1 मार्च-अप्रैल, 2016 में दिल्ली मेट्रो ट्रेनों के सभी रूटों में शिक्षात्मक/जागरूकता पैनल लगा कर मेट्रो ट्रेनों में आम-जन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

14.14 स्ट्रीट फूड उत्सव

14.14.1 सेंट्रल पार्क, न्यू मोती बाग में दिनांक 13 मार्च, 2016 को एक स्ट्रीट फूड उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में स्ट्रीट फूड विक्रेताओ को प्रशिक्षण देने, योग्य विक्रेताओं को पहचान-पत्र एवं स्वच्छता किटें देने, विक्रेता पंजीकरण करने, पहेली प्रतियागिताएँ आयोजित करने और खाद्य संरक्षा पर खेल तथा आगंतुकों के लिए संतुलित आहार जैसी कई समानांतर गतिविधियाँ आयोजित की गई। हितधारकों को अपनी चिंताएँ जताने में सक्षम बनाने के लिए उत्सव के दौरान एफएसएसएआई मोबाइल एप भी आरंभ किया गया। उत्सव में अन्यों के अतिरिक्त श्री जगत प्रकाश नड्डा, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय कौशल विकास एवं उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय मामले राज्य मंत्री, भारत सरकार ने भी भाग लिया।

14.15 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कौशल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, दिल्ली राज्य सरकार, पर्यटन एवं मेजबानी कौशल परिषद, भारतीय राष्ट्रीय पथ विक्रेता संगठन (एनएएसवीआई) एवं सीआईआई-जुबलिएंत भारतीय खाद्य एवं कृषि उत्कृष्टता केन्द्र (फेरन) की भागीदारी से स्ट्रीट फूड उत्सव के दौरान स्वच्छ स्ट्रीट फूड दिल्ली प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया।

14.16.1 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 31वीं एएएचएआर अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं मेजबानी मेला, 2016, जो कि प्रगति मैदान नई दिल्ली में दिनांक 15-19 मार्च, 2016 में आयोजित हुआ था, में एक स्टॉल लगाकर भाग लिया।

14.16.2 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्टॉल का उद्घघाटन श्री आशीष बहुगुणा, अध्यक्ष भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा श्री पवन अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण श्री बी.के.दुबे, निदेशक, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, फिक्की एवं एआईएफपीए के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ।

14.16.3 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्टॉल से बड़ी संख्या में आगुन्तकों ने जानकारी प्राप्त की जिसमें देश के विभिन्न भागों से आए हुए खाद्य व्यापार संचालक, आयातक, उपभोक्ताओं के विभिन्न समूह जैसे महिलाएं, युवा, विद्यालय छात्र-छात्राएं, महाविद्यालय छात्र-छात्राएं इत्यादि शामिल थे। स्टॉल पर औसतन 150-250 व्यक्ति प्रतिदिन जानकारी प्राप्त करने के लिए आए।

14.17 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण का अपना फेसबुक पेज है जहां पर नियमित रूप से खाद्य संरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित सुझाव दिए जाते है क्योंकि जनता का कल्याण ही राष्ट्रीय खाद्य संरक्षा प्रणाली का परम लक्ष्य है। निम्नलिखित अभियान वर्ष 2015-16 के दौरान चलाए गए :

#स्वच्छता एवं सफाई मानक

#सुरक्षित भोजन के पांच आधार ,एवं

#स्ट्रीट फूड संरक्षा

14.18 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की समर्पित एवं अनुरक्षित वेबसाईट www.fssai.gov.in है जहां पर एफएसएस एक्ट/नियम/विनियम अन्य विषयों, परामर्श, अधिसूचना, मिलावट की जांच करने के लिए सूचना इत्यादि समय-समय पर उपलब्ध करवाई जाती है।

14.19 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने यू-ट्यूब पर खाद्य मिलावट के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मौलिक विडियोज उपलब्ध करवाए है। एफएसएसएआई के द्वारा वर्ष 2015-16 के दौरान भिन्न-भिन्न प्रकार के क्रियाकलापों में भाग लेने के चित्रण का संदर्भ पृष्ठ संख्या - 46-50 (अग्रेजी भाग) में लें।

अध्याय -15

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

15.1 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक एक्ट के साथ, खाद्य प्राधिकरण से यह भी अपेक्षित है कि वह केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों को अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से सहयोग में सुधार करने के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकि सहयोग प्रदान करें। खाद्य प्राधिकरण खाद्य मानकों पर विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के खाद्य मानकों पर समन्यव कार्य को भी बढ़ावा देता है तथा अंतर्राष्ट्रीय तकनीकि मानकों एवं घरेलू खाद्य मानकों के मध्य सामंजस्य स्थापित करता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एसपीएस (स्वास्थ्य संबंधी एवं पादप स्वच्छता संबंधी) मुद्दों के लिए राष्ट्रीय पूछताछ केन्द्र है और इस प्रकार प्राधिकरण नियमित रूप से खाद्य मानकों पर द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेता है। खाद्य संरक्षा एवं प्रयोगशालाओं की क्षमता निर्माण में संबंधित निम्नलिखित बैठकों में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने वर्ष 2015-16 में भाग लिया।

15.1.1 चीन से आयात होने वाले दुग्ध एवं दुग्ध से बने उत्पाद, चॉकलेटस तथा चॉकलेट उत्पाद तथा ठोस दुग्ध सामग्री तथा दुग्ध से बनने वाली ठोस दुग्ध सामग्री से बनी केन्डीस /मिष्ठान /खाद्य सामग्री की समीक्षा की गई तथा किसी भी विश्वसनीय रिपोर्ट एवं समर्थन आंकड़ों के अभाव में यह सिफारिश की गई कि इन उत्पादों पर 23 जून, 2016 तक प्रतिबन्ध जारी रखा जाए अथवा जब तक कि उक्त उत्पादों के समर्थन में जोखिम मूल्याकंन की विश्वसनीय रिपोर्ट जो कि समर्थित आंकड़ों पर आधारित हो तथा यह रिपोर्ट उक्त उत्पादों के प्रतिबंध की समीक्षा की गारंटी हो तब तक यह प्रतिबंध जारी रखा जाए।

15.1.2 सहमति के साझा बयान (जेएसआई) पर उपभोक्ता सुरक्षा एवं खाद्य संरक्षा संघीय कार्यालय (बीवीएल) तथा संघीय संस्थान जोखिम मूल्यांकन (बीएफआर) जर्मनी एवं भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा हस्ताक्षर दिनांक 5 अक्टूबर, 2015 को खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में सहयोग हेतु किए गए। इस जेएसआई पर हस्ताक्षर करने का उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को आपसी हितों के आधार पर संबंधित क्षमता क्षेत्रों में सहयोग को विकसित करना एवं बनाए रखना है तथा अपनी-2 क्षमताओं के अनुसार खाद्य संरक्षा एवं जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग तथा खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को सुधार करना दोनों देशों के उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा एवं सुरक्षा करना है।

15.1.3 ए.एन.एस.ई.एस (खाद्य, पर्यावरण एवं व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए फ्रांसिसी एजेन्सी) फ्रांस तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मध्य खाद्य संरक्षा के लिए सहयोग को बढावा देने के लिए एक सहमति ज्ञापन पर दिनांक 25 जनवरी, 2016 को हस्ताक्षर हुए। इस सहमति ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों के मध्य उन्नत वैज्ञानिक एवं तकनीकि सहयोग को बढ़ावा देना है। दोनों एजेन्सियां खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करना चाहते हैं विशेषकर, जोखिम मूल्यांकन पद्धतियों में, खाद्य जोखिम विश्लेषण, प्रयोगशाला अभ्यास, समग्र आहार अध्ययन की पद्वतियों के क्षेत्र में।

15.1.4 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने एक तकनीकि संगोष्ठी का आयोजन खाद्य संरक्षा विज्ञान पर यूएसएफडीए के सहयोग से दिनांक 28 सितम्बर, 2015 को इण्डिया हेबीटेट सेन्टर, नई दिल्ली में किया। इस वैज्ञानिक आदान-प्रदान यात्रा का उद्देश्य तकनीकि स्तर पर एक कड़ी स्थापित करना था तथा यूएसएफडीए की विज्ञान नीति के आधार पर विस्तृत समझदारी को प्रोत्साहित करना तथा खाद्य संरक्षा के विज्ञान की आपसी समझ को संवाद, विश्वास एवं सहयोग से मजबूत करना तथा दोनो पार्टियों-यूएसएफडीए तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के प्राथमिक हितों पर विचार का आदान प्रदान करना था। इस संगोष्ठी में यूएसएफडीए प्रमुख वक्ताओं से यूएस एफ डी ए के खाद्य संरक्षा के प्रवर्तन ढॉचा, निगरानी, निरीक्षण, जोखिम मूल्यांकन, प्रबंधन व्यवस्था, पैकेजिंग एवं लैबलिंग संबंधी मुद्दों पर उपयोगी जानकारी प्रदान की। इस गोष्ठी ने भागीदारों एवं हिस्सेदारों के ज्ञान में वृद्धि की तथा यह द्विपक्षीय सहयोग को भविष्य में खाद्य सुरक्षा पर प्रोत्साहित करने में मदद करेगी।

15.1.5 इसी श्रृंखला में नियमित रूप से विभिन्न देशों के साथ खाद्य संरक्षा को ध्यान में रखते हुए आपसी समझदारी को बढ़ाने के लिए तथा सहयोग के क्षेत्र में विचार-विमर्श के लिए कई बैठकों का आयोजन किया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान, यूएसडीए, यूएसएफडीए, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंण्ड, पौलेण्ड, श्रीलंका, सिंगापुर, जापान, आस्ट्रेलिया इत्यादि के साथ बैठकें आयोजित की गई जिनसे प्रतिनिधी मण्डलों को भारतीय नियामक व्यवस्था को खाद्य पैकेजिंग, प्रोसेसिंग, लेबलिंग, खाद्य आयात से संबंधित मुद्दों इत्यादि के संबंध में समझने में मदद मिली तथा एफएसएसएआई को भी विभिन्न देशों में प्रचालित सर्वश्रेष्ठ खाद्य प्रथाओं को समझने एवं सीखने में मदद मिली तथा कैसे द्विपक्षीय सहयोग से खाद्य सरंक्षा नेटवर्क को उन्नत किया जा सकता है।

15.2 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शाखा नियमित रूप से विभिन्न देशों/अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सियों के साथ खाद्य संरक्षा के क्षेत्र में बैठकों का आयोजन, बैठकों में प्रतिभागिता से, कार्यशाला/ सेमीनार का आयोजन कर नए समझौतों की संभावना की तलाश कर रहा है ताकि सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को समझा एवं लागू किया जा सके।

अध्याय -16

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण

16.1 प्रशिक्षण अनुभाग के लिए कार्य योजना

एफएसएस एक्ट के भाग 16(3) (एच) के संदर्भ में, प्राधिकरण से यह आशा की जाती है कि अपने क्षेत्र के अन्दर या बाहर ऐसे लोगों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाए जो कि अपना खाद्य व्यापार शुरू करना चाहते हैं, या खाद्य व्यापार ऑपरेटर है या कर्मचारी हैं, या अन्य कोई व्यक्ति हैं।

16.2 खाद्य संरक्षा नियामकों के लिए वर्ष 2015-16 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण:

अभिहित अधिकारियों के लिए

दिनांक	स्थान	राज्य
2-4 नवम्बर, 2015	लखनऊ	उत्तर प्रदेश
20 से 22 जनवरी , 2016	दिल्ली	दिल्ली

16.3 केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण के माध्यम से भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण में प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम :

(i) दिनांक 01.08.2014 को आयोजित 12वीं सीएसी बैठक की कार्यसूची के बिन्दु संख्या 8 के अनुसार प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के मामले के संबंध में, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को यह सुझाव दिया कि वे एसे प्रशिक्षकों की पहचान करें जो कि (टिओटि) प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिनकों केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण के माध्यम से भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, एफ डी ए भवन, नई दिल्ली में प्रशिक्षण भाग लें।

